संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार 05 नवंबर 2025 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 10 अंकः 305 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेनः 4 की मौत, 15 घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। बिलासपुर-कटनी सेक्शन पर कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें चार यात्रियों की मौत हो गई है जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। इनमें से कुछ हालत अति चिंताजनक बतायी गई है।इसके कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। रेलवे प्रशासन ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख तथा सामान्य रूप से घायल यात्रियों को 1 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। बिलासपुर के जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने ट्रेन हादसे में अभी तक चार लोगों की मौतों की पुष्टि की है और दो यात्रियों की हालत अत्यंत गंभीर बताई है ,जिसमें एक महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद रेलवे और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस हादसे के कारण ओवरहेड वायर और सिग्नल सिस्टम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे रूट पर परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेनों को रद्द या डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने मेडिकल यूनिट और राहत दल मौके पर भेजे हैं। फिलहाल हादसे



के कारणों की जांच की जा रही है। जनसंपर्क अधिकारी विपुल विलासराव ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन के पास लगभग 16:00 बजे मेमू ट्रेन गेवरा रोडझबिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन (68733) मालगाड़ी से टकरा गई। इसमें प्रभावित लोगों के इलाज लिए रेलवे ने सभी संसाधन उपलब्ध करा दिए हैं और सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। रेलवे की तरफ से आपातकालीन नंबर भी जारी किए

**रेल हादसा**

**मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख देने का ऐलान**

गए हैं, जिसमें यात्रियों के परिजन दिए गए नंबरों पर कॉल करके अपने परिजनों की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह हादसा गतोरा और बिलासपुर स्टेशन के बीच अप लाइन पर बिलासपुर स्टेशन से करीब 5 किलोमीटर दूर हुई है। ट्रेन गेवरा से बिलासपुर जा रही थी। मालगाड़ी बिलासपुर से आ रही थी। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक लाल खदान के पास दोनों ट्रेनें एक ही ट्रैक पर आ गई, जिससे उनकी टक्कर हो गई। जनसंपर्क अधिकारी विपुल ने बताया कि रेलवे ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है और मेडिकल यूनिट भेजी गई हैं। यात्रियों के लिए सभी तरह की जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश और बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। हादसे के बाद रूट पर ट्रेन का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है।

## भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगाः निर्मला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत वैश्विक मंच पर आज एक तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (डीएसई) में छात्रों को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने हीरक जयंती समापन व्याख्यान देते हुए कहा, "हम ऐसे समय में हैं जब भारत कई अलग-अलग मानकों पर खासकर आर्थिक, तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश आज अपनी आर्थिक मजबूती के कारण ही ऊंचा स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बेशक, भारत और उसकी जनसंख्या, भारत और वैश्विक मानचित्र पर उसका स्थान, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। लेकिन भारत आज एकजुट होकर अपनी आर्थिक मजबूती के कारण अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा है।" सीतारमण ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मैं यह नहीं कह रही कि हम अभी विकसित देश बन गए हैं, क्योंकि विकसित भारत 2047 हमारे सामने है। 2014 में दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं, जल्द ही चौथी और शायद जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने



**अर्थव्यवस्था**

**सरकार 4.4 फीसदी राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेगी**

तक की हमारी तेज प्रगति ही हमें अलग बनाती है। उन्होंने कहा कि लगभग 2.5 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया है।

उन्होंने भारत-केंद्रित अनुसंधान और नीतिगत जुड़ाव को मजबूत करने और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के अनुकूल मॉडल विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क नियमों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास चल रहे हैं।

सीतारमण ने भरोसा जताया कि सरकार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 फीसदी राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेगी।

## बिहार चुनावः पहले चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार

**बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों, राजग और महागठबंधन के बीच**

**वोट दें**

**पहले चरण में राज्य की कुल 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होने वाला है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव - 2025 में पहले चरण में 6 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए मंगलवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम गया। पहले चरण में राज्य की कुल 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन के बीच है। राजग में जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनता दल यूनाइटेड (जदयू), लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रोलोमो) शामिल हैं। वहीं, महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, विकासशील इन्सान पार्टी (वीआईपी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माले (भाकपा-माले) और मार्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

पहले चरण के प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों की बात करें, तो तारापुर में उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (भाजपा) और राजद के अरुण कुमार के बीच के मुकाबले पर सबकी नजर रहेगी। राजद के पारंपरिक गढ़ राघोपुर में महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव का मुकाबला भाजपा के सतीश कुमार यादव से होने वाला है। महुआ विधानसभा सीट से लालू यादव के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के तेजप्रताप यादव और मुकेश कुमार रौशन के बीच कड़ी टक्कर है। अलीनगर और छपरा सीट पर सबकी नजरें रहने वाली है।



**पहले चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे**

अलीनगर से भाजपा की मैथिली ठाकुर, तो छपरा से खेसारी लाल यादव चुनावी मैदान में हैं। इसी चरण में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से भाग्य आजमा रहे हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का नाम भी शामिल है। मैथिली ठाकुर के भाग्य का फैसला भी पहले चरण में ही होने वाला है। इसके अलावा बिहार सरकार में वरीय मंत्री विजय चौधरी, जीवेश कुमार, संजय सरावगी और मदन सहनी की किस्मत का फैसला भी 06 नवम्बर को होगा। पहले चरण के 121 विधानसभा क्षेत्रों की सूची आलमनगर, बिहारीगंज, सिंहेश्वर (एससी), मधेपुरा, सोनबर्षा (एससी), सहरसा, सिमरी, बख्तियारपुर, महिषी, कुशेश्वर अस्थान (एससी), गौरा बौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी, जाले।



श्रीलंका की संसद में विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा ने नई दिल्ली में संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से मुलाकात की।

## हरियाणाः सरकारी कॉलेजों में लागू होगी ऑनलाइन ट्रांसफर नीति

**चंडीगढ़।** स्कूलों की तर्ज पर अब राजकीय महाविद्यालयों में भी सरकार ऑनलाइन तबादला नीति लागू करने जा रही है। उच्चतर शिक्षा विभाग का कहना है कि इससे तबादलों में पारदर्शिता आएगी। महाविद्यालयों में खाली पदों को भी भरा जाएगा। विभाग ने 20 कॉडर के 7882 पदों के तबादलों का प्रारूप तैयार कर लिया है। हरियाणा के 187 कॉलेजों में आनलाइन तबादला नीति लागू होगी। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से हरियाणा सरकार की आनलाइन ट्रांसफर नीति की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## देश में एसआईआर के तहत गणना शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग बिहार के बाद 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची को अपडेट करने जा रहा है। इससे जुड़ी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत आज से गणना फार्म जमा होने शुरू हो गए हैं। चुनाव कर्मी घर-घर जाकर इन फार्म को वितरित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत 51 करोड़ मतदाताओं को कवर किया जाएगा। चुनाव आयोग ने आज देशभर में गणना फार्म वितरित करने से जुड़ी तस्वीरें और जानकारी साझा की। एसआईआर से जुड़े प्रदेशों में 27 अक्टूबर



तक मतदाता सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता को एक विशिष्ट गणना प्रपत्र (ईएफ) उपलब्ध कराया जाएगा। यह आंशिक रूप से पहले से भरा होगा। गणना चरण के दौरान, बीएलओ ईएफ के वितरण और संग्रह के लिए कम से कम तीन बार घर-घर जाएंगे। बिहार में एसआईआर के बाद अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में इसकी प्रक्रिया जारी हैं। इसके अंतर्गत 321 जिले और 1,843 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन राज्यों की मतदाता सूची फ्रीज हो चुकी है और और 7 फरवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया में शामिल किए गए राज्यों में कुल मिलाकर लगभग 51 करोड़ मतदाता हैं। इस अभियान में 5.33 लाख बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और राजनीतिक दलों द्वारा नामित लगभग 7.64 लाख बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए), 10,448 ईआरओ/एईआरओ और 321 जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे।

## अमित शाह ने किया बिहार को पूर्ण विकसित करने का वादा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के चकिया में एनडीए की सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि चंपारण सत्याग्रह की भूमि है। इस भूमि से महात्मा गांधी और डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंका था। अमित शाह ने कहा कि साढ़े पांच सौ साल पहले बाबर ने अयोध्या के राममंदिर को तोड़ा था। फिर मुगलों ने, अंग्रेजों ने, कांग्रेसियों ने और लालू ने राम मंदिर को अटका,



भटका कर रखा। आपने जब दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो मोदी ने राममंदिर का शिलान्यास किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दिया। शाह ने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में सीता माता के भव्य मंदिर निर्माण का साढ़े आठ सौ करोड़ से बनने वाले मंदिर का हमने शिलान्यास कर दिया।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधारः दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार देखने को मिला। हवा के चलने से स्थिति बेहतर हुई। दिल्ली सरकार का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस सर्दी के मौसम में पिछले सालों के बनिस्बत बेहतर हुई है। दिल्ली सरकार ने पिछले सालों से तुलना करते हुए कहा है कि पिछले सात वर्षों में इस तारीख का सबसे अच्छा स्तर है। सरकारी की ओर से दिए गए आंकड़ों के



अनुसार दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 4 नवम्बर को 291 रहा। वहीं 2024 में यह 381, 2023 में 415, 2022 में 447, 2021 में 382, 2020 में 343 और 2019 में 407 था। दिल्ली सरकार का कहना है कि

**दावा**

**सीएम रेखा के नेतृत्व में दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस सर्दी के मौसम में पिछले सालों के बनिस्बत बेहतर हुई**

भौगोलिक चुनौतियों, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने, निर्माण गतिविधियों, वाहनों की बढ़ी हुई संख्या और ग्रीन दिवाली मनाने के बावजूद दिल्ली ने इस बार हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखी है। यह सफलता निरंतर और वैज्ञानिक तरीकों से किए गए प्रयासों का परिणाम है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ह्नसाल-दर-साल के आंकड़े यह साबित करते हैं कि हमारी समन्वित और निरंतर प्रदूषण नियंत्रण रणनीति असर दिखा रही है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार दिल्लीवासियों को साफ हवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सालभर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं ताकि सर्दियों में प्रदूषण को काबू में रखा जा सके। ह्व

## ऑनलाइन गेम रेगुलेट करने वाले कानून को चुनौती, केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑनलाइन गेम को रेगुलेट करने वाले कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में विस्तृत जवाब दाखिल करे। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। उच्चतम न्यायालय ने 8 सितंबर को विभिन्न उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं को सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इस कानून को दिल्ली उच्च न्यायालय , मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और कर्नाटक उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर चुनौती दी गई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय में ऑनलाइन कैरम की कंपनी बघीरा कैरम प्राइवेट लिमिटेड ने याचिका दायर की थी।

## एसआईआर के खिलाफ कोलकाता में सीएम ममता बनर्जी का मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची से हटाया गया, तो भाजपा सरकार का पतन निश्चित हो जाएगा। कोलकाता में आयोजित एक विशाल विरोध रैली का नेतृत्व करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि एसआईआर



**साधा निशाना**

**एक भी वैध मतदाता का नाम काटा तो केंद्र सरकार गिर जाएगीः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी**

प्रक्रिया को केवल विपक्ष शासित राज्यों में तेजी से चलाया जा रहा है, जबकि भाजपा शासित राज्यों को इससे बाहर रखा गया है। उन्होंने प्रश्न उठाया – जब असम, त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा की सरकार है, तो वहां एसआईआर क्यों नहीं हो रहा? ममता बनर्जी ने कहा कि 2002 में बंगाल में हुआ पिछला एसआईआर दो साल में पूरा हुआ था, लेकिन इस बार चुनाव आयोग केवल एक महीने में यह प्रक्रिया समाप्त करना चाहता है, जो राजनीतिक दुर्भावना को दर्शाता है।

### मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 66 पैट्रोलिंग वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

## चिट्टे के खिलाफ प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा बड़ा अभियानः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चौड़ा मैदान, शिमला से 66 पैट्रोलिंग वाहनों को रवाना किया। ये सुरक्षा वाहन प्रदेश के 10 जिलों शिमला, मण्डी, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और चंबा के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात किए जा रहे हैं। 18.42 करोड़ की लागत से खरीदे गए इन वाहनों में 35 इलैक्ट्रिक वाहन, 14 इंटसेप्टर वाहन, 10 रैकर वाहन तथा 7 डब्ल्यूडी डीजल वाहन शामिल हैं। इस अवसर पर





मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का लक्ष्य न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है बल्कि प्रदेश की जनता के लिए सुरक्षित एवं आपदा प्रतिरोधी यातायात प्रणाली विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक परिवर्तन पुलिस, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश सड़क एवं अधोसंरचना विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव हो पाया है।

उन्होंने कहा कि रैकर वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं के पश्चात वाहनों को शीघ्र हटाकर सड़कों पर यातायात शीघ्र सामान्य करने में मदद मिलेगी।

**सुरक्षित सफर**

**30 करोड़ रुपये से हमीरपुर में स्थापित होगा अत्याधुनिक सड़क सुरक्षा नियंत्रण एवं कमांड सेंटर**

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शीघ्र ही सरकार द्वारा हमीरपुर में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से समेकित सड़क सुरक्षा प्रवर्तन प्रणाली के तहत एक अत्याधुनिक सड़क सुरक्षा नियंत्रण एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो प्रदेश भर में लगाए जा रहे आधुनिक कैमरों से जुड़ा होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा इस प्रणाली का उपयोग ई-चालान, यातायात की निगरानी एवं सड़कों पर अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।




# आरजेडी और कांग्रेस जंगलराज और गुंडाराज की पहचानः सीएम योगी

## योगी बोले – बिहार में फिर न लौटे जंगलराज, एनडीए ही सुशासन और विकास की गारंटी, लखीसराय में मुख्यमंत्री ने कहा - मोदी-नीतीश के नेतृत्व में बिहार का हो रहा समग्र विकास

**अखंड भारत**

**जो खानदानी लुटेरे आज खानदानी माफिया को शागिर्द बनाकर फिर से बिहार में जंगल राज लाना चाहते हैंः योगी**





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीसराय।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के तहत लखीसराय में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार में जंगलराज और गुंडाराज की वापसी नहीं होने देंगे। एनडीए ही सुशासन और विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम की है।

लखीसराय से एनडीए प्रत्याशी एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का है। आज जहां एनडीए है वहां सुशासन और विकास है। वहीं, जंगल राज और गुंडाराज, यह राजद और कांग्रेस की खानदानी पहचान है। जिन लोगों ने बिहार को लूटा, जो खानदानी लुटेरे हैं, आज वह खानदानी माफिया को शागिर्द बनाकर फिर से बिहार में जंगल राज लाना चाहते हैं।

**विकसित बिहार, विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार आज विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार ने सड़क, रेल, एयरपोर्ट और वॉटरवे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। योगी ने कहा कि अब बिहार में बनने वाले उत्पाद – चाहे मखाना हो या वेजिटेबल वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। किसान और व्यापारी दोनों आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

**जंगलराज की पहचान – लूट, अपहरण और भय का माहौल**

मुख्यमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 1990 से 2005 तक का दौर बिहार के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि वंशवाद और परिवारवाद ने बिहार की पहचान को धूमिल किया। विकास का पैसा लूट लिया गया, गरीब और नौजवान ठगा गया। योगी ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

**राम मंदिर से जानकी मंदिर तक–आस्था और विकास का संगम**

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या और सीतामढ़ी के धार्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अयोध्या में भगवान राम का मंदिर और सीतामढ़ी में माता जानकी का मंदिर दोनों बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6,155 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या से सीतामढ़ी तक फोरलेन सड़क का निर्माण हो रहा है – यह काम राजद और कांग्रेस कभी नहीं कर सकती थी।

**मोदी सरकार ने गरीबों के घरों में जगमगाई खुशियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों के जीवन में नई रोशनी आई है। उन्होंने बताया कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 4 करोड़ घरों में आवास, 3 करोड़ घरों में बिजली कनेक्शन और 12 करोड़ बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन देकर भारत में रामराज्य की झलक दिखाई गई है।

**बिहार में अब विकास रुकेगा नहीं, एनडीए लाएगा स्थायित्व**

योगी ने कहा कि जिन लोगों ने कभी चारा घोटाला किया, जातीय हिंसा कराई और गरीबों के हक पर डकैती डाली, उन्हें अब जनता पहचान चुकी है।

## 'राजद-कांग्रेस ने गरीबों के हक पर डकैती डाली'




**टीम एक्शन इंडिया**

**समस्तीपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोहिउद्दीननगर में विपक्ष पर ऐसा तीखा प्रहार किया कि सभा में 'जय श्री राम' के नारे गूंज उठे। बीजेपी प्रत्याशी राजेश कुमार सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में योगी ने फ्खऊ-कांग्रेस गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वाला, पशुओं का चारा डकारने वाले ये लोग कभी बिहार का हित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि ये लोग बिहार को जंगलराज में बदलकर पहचान के संकट में धकेल दिए। अपहरण उद्योग चलाया, दंगे भड़काए, नरसंहार करवाए। अब माफिया को गले लगाते हैं। सीएम योगी ने विपक्ष को रामद्रोही बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट देकर कहा कि राम हुए ही नहीं, राजद ने राम रथ रोका, समाजवादी ने राम भक्तों पर गोली चलाई। ये लोग परमपिता परमेश्वर की साक्षात प्रतिमूर्ति राम-जानकी के अस्तित्व पर प्रश्न खड़े करते हैं। ऐसे ही छठ मैया के बारे में भी कांग्रेस के युवराज आज प्रश्न खड़ा कर रहे

**राजद-कांग्रेस ने बिहार के पहचान को किया कलंकित- सीएम योगी**

राजद-कांग्रेस पर बिहार को कलंकित करने का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि 2005 से पहले फ्खऊ-कांग्रेस ने नौजवानों के रोजगार पर डकैती डाली, गरीबों के हक छीने। गरीब बीमार होता तो तड़पकर मरता, क्योंकि स्वास्थ्य सुविधा नहीं थी। उन्होंने कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा गए, गरीबों का क्या भला करते? सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग बिहार में जातीय सेनाएं खड़ी कर नरसंहार करवाए।

# विधानसभा के विशेष सत्र की अवधि एक दिन बढ़ी, अतिक्रमण पर हुई बहस



**दूसरे दिन कई बार माहौल गर्म हुआ, विस अध्यक्ष को सदस्यों को चुप करवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** राज्य स्थापना की रजत जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र की अवधि एक दिन के लिए बढ़ा दी गई है। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब यह सत्र 5 नवंबर तक चलेगा। सदन में दूसरे दिन कई बार माहौल बेहद गर्म हुआ और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को सदस्यों को चुप करवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने राज्य स्थापना और विकास की यात्रा पर अपनी बात रखी। कई विधायक ने राज्य के 25 साल की यात्रा का वृतांत रखा और आगे की विकास योजनाओं को लेकर सुझाव भी दिए। भाजपा विधायकों व मंत्रियों ने जहां सरकार के कार्यकाल की सराहना की वहीं विपक्ष ने कई मुद्दों पर जमकर शोर-शराबा भी किया।

विशेष सत्र के भोजन अवकाश के बाद तीन बजे से सदन में फिर चर्चा शुरू हुई। देहरादून राजपुर विधायक खजान दास, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने सदन में अपनी बात रखी। ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल के एक बयान पर बवाल भी मचा और कांग्रेस धियकों ने सदन में वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे भी लगा डाले। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस सदस्यों को फटकार लगाई और नारे को कार्रवाई से हटाने के निर्देश दिए। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने वनफूलापुर में अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई को उचित ठहराया और सरकार सराहना की। इस पर हल्द्वानी विधायक सुमित ह्दयेश से जमकर विरोध किया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान के बयान पर कांग्रेस विधायक भड़क गए। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सालों से रह रहे लोगों के घरों पर पहले लाल निशान लगा दिए गए और फिर उन्हें तोड़ दिया गया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों पर बुल्डोजर चलना ही चाहिए। बाहर से आकर लोग लगातार उत्तराखंड की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और इसे बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा। इस पर काफी देर तक हो हल्ला होता रहा। सदन में सभी विधायकों को राज्य की 25 साल की यात्रा पर बोलने का मौका दिया गया।

## बजाज फाइनेंस ने फेस्टिव लोन वॉल्युम में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**शिमलाः** भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्था और बजाज फिनसर्व समूह का हिस्सा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक संख्या में और 29 प्रतिशत अधिक मूल्य के उपभोक्ता कर्ज वितरित किए हैं।उपभोक्ता वस्तुओं के लिए लिए गए इन कर्ज में बढ़ोतरी सरकार के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों और व्यक्तिगत आयकर दरों में किए गए बदलावों का सकारात्मक परिणाम है, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ाना रहा है। बजाज फाइनेंस ने 22 सितंबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच लगभग 63 लाख कर्ज वितरित किए। इस अवधि में कंपनी ने 23 लाख नए ग्राहक जोड़े, जिनमें से 52प्रतिशत न्यू-टू-क्रेडिट (पहली बार कर्ज लेने वाले) थे, जिससे वित्तीय समावेशन को व्यापकता मिली।

बजाज फाइनेंस के चेयरमैन संजीव बजाज ने कहा,सरकार के नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों और आयकर की दरों में बदलावों ने भारत की उपभोग-आधारित विकास कहानी को नई ऊर्जा दी है। इन कदमों से रोजमर्रा की वस्तुएं अधिक सुलभ हुई हैं, जिससे लाखों मध्यम और निम्न आय वर्गीय परिवार आत्मविश्वास के साथ त्योहारी खरीदारी कर सके हैं।




25 वर्ष में राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को मिली नई गति, रोजगार व स्वरोजगार के अवसर हुए सृजितः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## ऑनलाइन रिश्ते का, ऑफलाइन विवाद!ः सात फेरे सात वचनों से दो घंटों में पलटी दुल्हन, दूल्हे को जमकर पीटा

**लोकेश चौधरी**

**मथुराः** एक पुरानी कहावत है कि "पानी पीजिए छान, रिश्ता कीजिए जान" क्योंकि सनातन संस्कृति में विवाह कोई गुड्डा गुड़ियों का खेल नहीं सात जन्मों को निभाने का बंधन है इसी लिए हिंदू रीति रिवाज में विवाह भगवान को साक्षी मान किया जाता है पर फूहड़ता की दौड़ में शामिल हो भारतीय संस्कृति को छोड़ पश्चात संस्कृति की दौड़ में भारतीय शामिल होते जा रहे हैं इसी के चलते भारत में भारत की न्यायपालिका में तलाक के मामले बढ़ते जा रहे हैं पहले के दौर में शादी का रिश्ता बहुत सोच विचार अच्छी तरह देख कर किया जाता था आज ऑनलाइन शादी का फैशन चल गया है उसी के चलते ज्यादा समस्या उत्पन्न हो रही है ऐसा ही एक अजब किस्सा मथुरा में सामने आया है,दुल्हन पर जेवर नहीं चढ़ाने पर सूरत से आई दुल्हन ने शादी के दो घंटे बाद ही सात फेरों के सातों वचन तोड़ दिए। वधू पक्ष ने दूल्हे पर हकीकत छुपाकर रिश्ता करने का आरोप लगाकर जमकर पिटाई लगाई।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेल्वे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग स. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| MSS-UMB-SFMU-BCrush-49-25-1 | सुनाम ऊधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-YJUD-BCrush-43-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनें (पीबीसीएम) स्थापित करने का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-SAG- BCrush-48-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनें (पीबीसीएम) स्थापित करने का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-ANSB-BCrush-45-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-DUI-BCrush-47-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर 03 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनें (पीबीसीएम) स्थापित करने का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-SIR-BCrush-50-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-UBC-BCrush-42-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-NLDM-BCrush-44-25-1 | नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-RPAR-BCrush-46-25-1 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3428/2025

## छह दिनों में 1441 भारतीय शहरों और 109 देशों के 834 शहरों में प्रॉपर्टी बुकिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** मेकमायट्रिप के पहले ट्रैवल का मुहूर्त29 अक्टूबर से 3 नवंबर के शुरूआती छह दिनों के रुझान बताते हैं कि भारतीय यात्री अब पहले से फ्लाइट्स की योजना बना रहे हैं नई जगहों की खोज के साथ प्रीमियम होटलों को प्राथमिकता दे रहे हैं और आकर्षक डील्स व ऑफर्स के जरिए बचत के अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

साल के अंत की फ्लाइट्स की अग्रिम बुकिंग दोगुनी हो गई है जो होटल और होमस्टे बुकिंग्स के लिए भी सकारात्मक संकेत है क्योंकि वे सामान्यत अगले चरण में होती हैं। इस अवधि में प्रीमियम विकल्पों की ओर रुझान और श्रेणियों का विस्तार मुख्य आकर्षण रहे।पहले छह दिनों में की गई बुकिंग्स यात्रियों की व्यापक भागीदारी को दशार्ती हैं। घरेलू स्तर पर यात्रियों ने भारतभर में फ्लाइट्स बुक कीं जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बुकिंग्स 115 देशों के 362 एयरपोर्ट्स तक फैलीं जिनकी सेवा 113 एयरलाइंस द्वारा की गई।

# एनपीसीआई ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता बढ़ाकर नागरिकों को सशक्त बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** डिजिटल भुगतान अब पूरे देश में सुलभ हैं, जो भारत को डिजिटल-फर्स्ट अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। ये न केवल सुरक्षित हैं बल्कि सुविधाजनक भी हैं। हालांकि, डिजिटल भुगतान का उपयोग सुरक्षित तरीके से करना और ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। संभावित धोखाधड़ियों की समय पर पहचान करने से उपयोगकताओं और उनके परिवारों को सुरक्षा मिलती है, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित और कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण होता है।ऑनलाइन ठगी के तरीके अब और अधिक चालाक होते जा रहे हैं, जिनमें से ह्यडिजिटल अरेस्टह्न एक प्रमुख उदाहरण है। इस प्रकार की ठगी में, अपराधी खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बताकर लोगों को डराकर पैसे भेजने या अपनी निजी जानकारी साझा करने के लिए मजबूर करते हैं। वे पीड़ितों से पहले फोन कॉल के जरिए संपर्क करते हैं और फिर वीडियो कॉल पर स्विच करते हैं। इस दौरान वे पीड़ितों को किसी नकली कानूनी मामले या गिरफ्तारी वारंट की धमकी देते हैं, जिसमें उन्हें या उनके परिवार के किसी सदस्य को वित्तीय अनियमितता या अन्य अपराध में फंसाया जाता है। डर के कारण पीड़ित अक्सर उनकी बातों में आ जाते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान और पहचान चोरी का खतरा बढ़ जाता है। डिजिटल अरेस्ट ठगी की पहचान कैसे करें,यदि कोई व्यक्ति खुद को पुलिस, सीबीआई, आयकर विभाग या सीमा शुल्क अधिकारी बताकर आपसे संपर्क करता है, तो सतर्क रहें।

# लालू परिवार में दरार गहरी, भाई-भाई की जंग या लालू युग के उत्तराधिकारी की लड़ाई?

**लालूयादव की बनाई पार्टी अब दो लालूओं में उलझी, तेजस्वी यादव के वादे बनाम तेज प्रताप यादव की ललकार**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार की सियासत में इस वक्त दो नाम सबसे ज्यादा सुर्खियों में हैं, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव। एक ही घर के, एक ही पिता के, लेकिन दो अलग-अलग झंडों के नीचे खड़े हैं। यही वजह है कि बिहार की गलियों में लोग कहने लगे हैं कि लालू परिवार अब दो राहों पर है। लालू प्रसाद यादव का परिवार अब बिखरने की कगार पर है। तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के बीच की जंग अब नीतियों या विचारों की नहीं रही, यह अहम, ईर्ष्या और सत्ता-लालसा की लड़ाई बन चुकी है।

**महुआ से राघोपुर तक फैली भाई-भाई की जंग**

महुआ की रैली से शुरू हुई बात अब राघोपुर तक पहुंच गई है। तेजस्वी यादव ने जब मंच से कहा कि पार्टी ही सबकुछ है, पार्टी से बड़ा कोई नहीं, तो यह बात तेजप्रताप को चुभ गई। उन्होंने तुरंत पलटवार किया कि पार्टी नहीं, जनता बड़ी होती है। वही असली मालिक है। इसी जवाब ने यह साफ कर दिया कि अब इस लड़ाई में 'भावनाएं' नहीं, बल्कि विचार और नेतृत्व का संघर्ष भी शामिल है।

**झुनझुना वाला तंज बना सियासी बम**

तेजप्रताप का यह कहना कि चुनाव के बाद तेजस्वी को झुनझुना पकड़ाऊंगा। दरअसल, यह सिर्फ मजाक नहीं, बल्कि सत्ता संघर्ष का खुला इशारा था। भाई पर 'नादान' और 'दूधमुंहा बच्चा' जैसे शब्द इस्तेमाल करना बताता है कि दोनों के बीच अब सम्मान की दीवार भी टूट चुकी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, लालू यादव ने कई बार दोनों बेटों को एक मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन हर बैठक तेजस्वी का धैर्य और तेजप्रताप का गुस्सा के टकराव में खत्म हो जाती है।

**परिवार की दीवारें क्यों दरक रहीं हैं?**

लालू यादव की सियासत हमेशा परिवारवाद के ताने-बाने में बुनी रही है, लेकिन अब वही परिवार विचारों और महत्वाकांक्षा के द्वंद्व में उलझ गया है। तेजस्वी, जो संगठित और व्यवहारिक माने जाते हैं, आज राजद के चेहरे हैं। वहीं तेजप्रताप, जो खुद को आध्यात्मिक समाजवादी कहते हैं, अब खुद की पार्टी जनशक्ति जनता दल (जजद) के झंडा तले जनता के असली पुत्र बनने का दावा कर रहे हैं।

**हरा झंडा फर्जी बनाम जनशक्ति असली**

तेजप्रताप यादव ने हाल ही में राघोपुर की सभा में कहा कि हरा झंडा वाला राजद फर्जी है। असली पार्टी जनशक्ति जनता दल है। यह बयान प्रतीकात्मक रूप से बड़ा है। यह लालू के बनाए हरा-लाल गठबंधन रंग को चुनौती देने जैसा है। राजनीति के जानकार इसे लालू ब्रांड की विरासत को दो हिस्सों में बंटते देखने जैसा मानते हैं।

**भाईचारे के पीछे छिपा 'नेतृत्व का सवाल'**

राजद में तेजस्वी का कद लगातार बढ़ा है। विधानसभा में विपक्ष के नेता से लेकर मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तक, वे आज पार्टी की दिशा तय कर रहे हैं। वहीं, तेजप्रताप बार-बार जनता की असली आवाज बनने की कोशिश में खुद को मसीहा की भूमिका में पेश करते हैं। उनकी वाणी, उनके हावभाव, यहां तक कि उनके धर्म-आध्यात्मिक प्रयोग, सब अलग पहचान बनाने की कोशिश लगते हैं। एक में जोश है, दूसरे में होश। लालू यादव के बाद यही फर्क अब साफ दिखाई दे रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-15/2025-26 दिनांक 03.11.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15:00** बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 30-विद्युत-21/2025-26 (ओपन टेंडर) | | |
| कार्य का नाम | अंबाला मंडल में लिफ्टों, एस्केलेटरों, स्ट्रीट लाइटों, सब–स्टेशनों, 70%/30% प्लेटफार्म प्रकाश व्यवस्था और सेवा भवन के ऊर्जा प्रबंधन के रिमोट कंट्रोल और निगरानी के प्रावधान से संबंधित विद्युत कार्य। | | |
| लगभग लागत | ₹ 26525730.25 | बोली प्रतिभूति | ₹ 282600.00 |
| पूर्ण होने की | 04 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 25.11.2025 |

**1.** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/ TIN/ GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/ या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00** बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3.** कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4.** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें/ **5.** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3434/2025

# सेवा के रूप में मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का शहादत दिवसः कपिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक हुई। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस को श्रद्धा, सेवा, त्याग और एकता के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। गुरु तेग बहादुर के जीवन, दर्शन और बलिदान को समर्पित अनेक सांस्कृतिक, धार्मिक और जनसहभागिता से जुड़े कार्यक्रम दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए जाएं। कपिल मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का त्याग केवल एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए था। उन्होंने कहा कि दिल्ली उस ऐतिहासिक घटना की गवाह है जहां गुरु तेग बहादुर ने अपने प्राणों की आहुति देकर धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक गुरु के आदर्शों से प्रेरणा ले और समाज में सहिष्णुता, प्रेम और सेवा की भावना को सशक्त बनाए। कपिल मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन साहस, करुणा, त्याग, बलिदान और समर्पण की प्रेरणा देता है। दिल्ली सरकार इस अवसर को केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि मानवता, एकता और सेवा की भावना के प्रतीक के रूप में मनाएगी।



## भलस्वा डेयरी में हत्या के प्रयास और दंगे के दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की आईएससी यूनिट की टीम ने भलस्वा डेयरी इलाके में हुई हत्या के प्रयास और दंगे के मामले में फरार चल रहे दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मुख्य साजिशकर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी और उसका सहयोगी शमीम शामिल हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने मंगलवार को बताया कि 18 जुलाई 2025 की रात भलस्वा डेयरी थाना क्षेत्र में दो पड़ोसी गुटों के बीच विवाद बढ़कर हिंसक झड़प में बदल गया था। आरोप है कि मुमताज अंसारी के इशारे पर चार पहचाने गए और कई अज्ञात लोगों ने पड़ोसी परिवार पर चाकू और डंडों से हमला कर दिया था। इस हमले में पांच लोग घायल हुए थे। घटना के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना भलस्वा डेयरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस पहले ही तीन नाबालिगों और सात अन्य आरोपितों को पकड़ चुकी थी। इधर क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया और सोहन लाल की टीम ने तकनीकी निगरानी के बाद कार्रवाई की। पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को दिल्ली के इंदरलोक इलाके से गिरफ्तार किया। पूछताछ में मुमताज ने दंगे की साजिश रचने और हमला करवाने की बात स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि दोनों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मोती नगर फ्लाईओवर के पास मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रैंड होराइजन बैंक्वेट हॉल के सामने, नजफगढ़ रोड पर फुटपाथ के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। जांच में मृतक की पहचान रामा रोड निवासी रामकरण (54) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 7:15 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जिसमें बताया कि फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि शव के सिर के अगले हिस्से और निचले पेट पर चोट के निशान हैं। जबकि मृतक के कुछ सामान आसपास बिखरे पड़े थे। घटना स्थल को तत्काल घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया। क्राइम और एफएसएल की टीमों को मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।
पुलिस अधिकारी का कहना है कि शव को अस्पताल के शवगृह में भिजवा दिया गया है।पुलिस अधिकारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

# दिल्ली विधानसभा में 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन

**150वीं वर्षगांठ**

**हर भारतीय को हमारे देश की सुंदरता, शक्ति और आध्यात्मिक सार की याद दिलाते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिल्ली विधानसभा में 7 नवम्बर (शुक्रवार) को विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर विधानसभा भवन को तिरंगे रंगों में जगमगाया जाएगा, जबकि स्मृति पट्टिका का अनावरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां राष्ट्रभक्ति की भावना को उजागर करेंगी। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा 1875 में रचित वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा है। इस दौरान दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता पट्टिका का अनावरण करेंगे। साहित्य कला परिषद के कलाकार एकता और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर शाम के समय दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगा के रंगों में आलोकित किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा का अमर गीत है। 150 वर्षों के गौरव का उत्सव मना रहे हैं, जो हमें राष्ट्रीय मूल्यों की प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर देता है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक यात्रा में एक अमर स्थान रखता है। यह गीत राष्ट्रीय चेतना के उदय के काल में रचा गया था, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को आत्मा प्रदान की। उन्होंने कहा कि इसने देशवासियों में गौरव, एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जगाई। इसके शब्द आज भी समय की सीमाओं को पार करते हुए हर भारतीय को हमारे देश की सुंदरता, शक्ति और आध्यात्मिक सार की याद दिलाते हैं।

# रिश्वतखोरी की घटना पर एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

**कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बेंगलुरु में एक व्यक्ति से उसकी बेटी की मृत्यु के बाद एम्बुलेंस चालक, पुलिसकर्मियों, श्मशान घाट कर्मचारियों और नगर निकाय अधिकारियों के रिश्वत लिए जाने की खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने बताया कि मीडिया रिपोर्टों में बताया गया कि 64 वर्षीय व्यक्ति की इकलौती बेटी आईआईटी मद्रास और आईआईएम अहमदाबाद की स्नातक थी और बेंगलुरु में कार्यरत थी। वह 18 सितंबर को ब्रेन हैमरेज से पीड़ित हुई थी। उसकी मृत्यु के बाद जब पिता ने एम्बुलेंस बुलाई, तो चालक ने मनमाना किराया वसूला। पुलिस ने मृत्यु की सूचना दर्ज करने पर कोई सहानुभूति नहीं दिखाई और प्राथमिकी व पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रति रिश्वत लेने के बाद ही दी। रिपोर्ट में बताया गया कि मृतका के परिवार ने बेटी की आंखें दान कीं, लेकिन श्मशान घाट पर भी कर्मचारियों ने पैसे मांगे। महादेवपुरा नगर निगम अधिकारियों ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में देरी की और रिश्वत देने के बाद ही प्रमाणपत्र जारी किया। आयोग ने कहा है कि यदि रिपोर्ट में तथ्य सही हैं तो यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला है। एनएचआरसी ने राज्य सरकार से घटना की पूरी जानकारी और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दो सप्ताह में मांगी है।




## आईपीयू ने क्यूएस एशिया रैंकिंग 2026 में दर्ज की उल्लेखनीय प्रगति

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसने एशिया में 258वीं और दक्षिण एशिया में 56वीं रैंक प्राप्त की है। पिछले साल विश्वविद्यालय ने एशिया में 320वीं और दक्षिण एशिया में 81वीं रैंक पर थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि क्यूएस एशिया रैंकिंग में इस वर्ष की वृद्धि आईपीयू की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह संकाय, शोधकताओं और छात्रों की सामूहिक समर्पण को दर्शाता है।

# भलस्वा डेयरीः संदिग्ध हालात में युवक की मौत, जांच जारी


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के भलस्वा डेयरी इलाके में रविवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 25 वर्षीय रामजन के रूप में हुई हैं। वह जहांगीर पुर का रहने वाला था। जांच में पता चला है कि रामजन जहांगीरपुरी का घोषित बदमाश भी था। उसके खिलाफ पहले से लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट समेत नौ आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह सूचना मिली कि "स्वरूप नगर से करनाल बाइपास की ओर,



कूड़े के ढेर के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार अभी तक की जांच में सामने आया कि रात करीब 12:15 बजे पेट्रोलिंग के दौरान हेडकांस्टेबल प्रदीप ने मृतक को जीटी रोड पर स्कूटी पर घूमते देखा था। पूछताछ करने पर वह वहां से चला गया। थोड़ी देर बाद वह दोबारा जीटी रोड डिवाइडर के पास देखा गया। जहां उसने स्कूटी रोकी और पैदल चलने लगा। अचानक वह सड़क पर गिर पड़ा।

# पति की हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एनडीआर यूनिट ने हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में मृतक की पत्नी भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान शबीना, पत्नी निजाम उर्फ इजाम लंगड़ा, शमीमा और निजाम उर्फ इजाम लंगड़ा के रूप में हुई है। ये तीनों थाना कालिंदी कुंज में दर्ज हत्या के मामले में वांछित थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार 20 और 21 मई की दरम्यानी रात कालिंदी कुंज इलाके में दो परिवारों के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने चाकू और अन्य हथियारों से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। जबकि समसाद नामक व्यक्ति की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान छह आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे।



# दिव्य संदेश देते हुए 78वें निरंकारी संत समागम का समापन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** ह्यह्यनिराकार परमात्मा ने जो यह जगत बनाया है उसकी हर चीज अत्यंत खूबसूरत है। मनुष्य इस रचना का अवश्य ही आनंद प्राप्त करे, पर अपनी विवेक बुद्धि को जागृत रखते हुए इसका सदुपयोग करे, दुरुपयोग न करे ह्लह्ल यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित विशाल मानव परिवार को अपने पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए। आत्ममंथन की दिव्य शिक्षाओं से अपना जीवन संवारते हुए खुद का कल्याण करने के साथ-साथ जगत कल्याण की दिशा में अग्रसर होने का दिव्य संदेश देते इस पवित्र समागम का कल रात प्रेमाभक्ति के गरिमामय वातावरण में समापन हुआ और समागम में पधारे श्रद्धालु धीरे-धीरे अपने गन्तव्य स्थानों की ओर बढ़ने लगे।

सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि मन को परेशान करने वाले अनेक कारण और विचार आते रहते हैं, पर उनकी अनदेखी करने की कला हमें आत्ममंथन से ही प्राप्त होती है। ऐसा करने से जीवन की कठिन घड़ियों को सीमित करके हम तनाव से मुक्त रह सकते हैं। हर वस्तु का उपयोग करते वक्त ईश्वर का अहसास मन में रहता है, हर



कर्म करते समय निरंकार दातार को उसमें शामिल किया जाता है तो मन की उथल-पुथल समाप्त हो जाती है और शांति व सुकून की अनुभूति होती है। इससे मानसिक, भावनात्मक एवं आत्मिक विकास होता चला जाता है। गुरु की सिखलाई के अंतर्गत रहते हुए यह भीतर की यात्रा हमें आत्मिक ऊर्जा से भरपूर करती है। सतगुरु माता जी ने दृष्टिकोण के प्रभाव को एक उदाहरण द्वारा समझाते हुए कहा कि एक मनुष्य किसी बगीचे में फूल को देखने के बाद भी यही कहता है कि यहां तो कितने सारे काटें हैं। वहीं पर दूसरा मनुष्य उसी बगीचे में जाकर कहता है कि अरे वाह! यहां तो इतने सुंदर फूल हैं, इतनी खुशबू, इतनी कोमलता है; कांटे भी हैं पर वे भी इन फूलों की रक्षा के लिए कितने जरूरी है। इस तरह एक ही दृश्य को देखकर कोई परेशान हो रहा है तो कोई खुश हो रहा है। यह केवल नजरिये का परिणाम है। एक के मन में संकीर्णता है तो दूसरे के मन में विशालता है। भक्त हमेशा सकारात्मकता को अपनाते हैं और गुणों के ग्राहक बने रहते हैं जिससे उनके जीवन में आनंद बरकरार रहता है। अंत में सतगुरु माता जी ने निरंकारी श्रद्धालुओं को आह्वान किया कि समागम में प्राप्त दिव्य सिखलाई को अपने जीवन में उतारते चले जायें और इस सच्चाई और अच्छाई को अपने तक सीमित न रखते हुए पूरी मानवता तक पहुंचाते जायें। इसके पूर्व समापन सत्र में समागम कमेटी के समन्वयक एवं संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय जोगिंदर सुखीजा जी ने सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी का उनके दिव्य आशीषों के लिए शुकराना किया तथा समस्त साध संगत एवं समागम के लिए सहयोग देने वाली सरकारी विभागों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने इस समागम में पहले से भी अधिक संख्या में संगतों के आने पर खुशी प्रकट की और आगे इसमें और बढ़ोत्तरी होने की शुभ कामना व्यक्त की।

# जल गुणवत्ता सुधार पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में यमुना एक्शन प्लान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाले ड्रेन नंबर-1 और ड्रेन नंबर-2 में गिर रहे औद्योगिक अपशिष्ट तथा गंदे पानी के निस्तारण पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त डॉ दहिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यमुना को स्वच्छ बनाना केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग गंभीरता से काम करें। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि जिले में कुल 73 प्रदूषण बिंदु (डिस्चार्ज पॉइंट) चिन्हित किए हैं, जहां से नालों में गंदा पानी जा रहा है। डीसी दहिया ने संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा में सभी बिंदुओं को टैप (सील) करने के आदेश दिए, ताकि कोई भी गंदा पानी यमुना में न पहुंचे। उपायुक्त ने कहा कि ड्रेन नंबर-2 की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने नगर

**चिन्हित**

**उपायुक्त ने कहा कि जिले में कुल 73 प्रदूषण बिंदु (डिस्चार्ज पॉइंट) चिन्हित किए हैं**

निगम और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि ड्रेन में जमा गाद और अपशिष्ट को हटाकर जल का प्रवाह सुचारू किया जाए। उन्होंने कहा कि यमुना में जाने वाला हर बूंद साफ होनी चाहिए, इसके लिए जमीन पर दिखने वाला बदलाव लाया जाए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि यह भी सामने आया है कि कुछ उद्योग टैंकरों के माध्यम से ड्रेनों में अपशिष्ट गिरा रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी चेकप्वाइंट्स पर पुलिस बल तैनात किया जाए और किसी भी स्थिति में ऐसे टैंकरों को ड्रेन में डिस्चार्ज की अनुमति न दी जाए। उपायुक्त डॉ दहिया ने हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आदेश दिए कि वे खोजकीपुर क्षेत्र से पानी के सैंपल एकत्र करें और रिपोर्ट मुख्य

# वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ एक शिविर का किया गया आयोजन, विधायक ने किया उद्घाटन

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** जिला रेडक्रास सोसायटी, कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन तथा एल्मिको के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ गुहला के पूर्व भाजपा विधायक कुलवंत बाजीगर ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में बाजीगर ने कहा कि यह शिविर भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अनमोल धरोहर हैं। बुजुर्गों के जीवन, अनुभव, ज्ञान और योगदान समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक सम्मान और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने



के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो कि काफी लाभप्रद होते हैं। बाजीगर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर होनी आवश्यक है क्योंकि इससे वरिष्ठ नागरिकों में आत्मविश्वास और सम्मान की भावना बढ़ती है। ऐसे शिविर वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सहज, सुरक्षित और सम्मानपूर्ण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी हर वर्ग के कल्याण हेतू नित नई-नई योजनाएं क्रियान्वित कर रहे हैं। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की नीति पर देश व प्रदेश में विकास कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला रेडक्रास सचिव रामजी लाल ने कहा कि डी.सी. कैथल प्रीति के मार्गदर्शन में रेडक्रास कार्यालय द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आर.वी.आई.) के तहत पंजीकरण किया जा रहा है, इसमें वरिष्ठ नागरिक कार्ड, आयु प्रमाण-पत्र, बी.पी.एल. कार्ड, पेंशन प्रमाण, आय प्रमाण, आधार कार्ड की प्रति व स्थाई पते का प्रमाण-पत्र आदि जमा करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ नापतोल किया जा रहा है, जिसके बाद व्हील चेयर, कोहनी बैसाखी, चलने की छड़े, कुर्सी के साथ चलने की छड़ी, फोल्डिंग वॉकर, तिपाई और टेट्रापॉड, घुटने का ब्रेस, एल.एस. बेल्ट, स्पाईनल, सपोर्ट, कुशन, श्रवण यंत्र व कमोड वाली कुर्सी आदि उपलब्ध करवाई जाएगी।

**स्वास्थ्य की जांच**

**बाजीगर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर होनी आवश्यक है**

## युवती ने फंदा लगा की आत्महत्या

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में मंगलवार को राजस्थान के झुंझुनूं की रहने वाली एक युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें नौकरी न मिलने की बात लिखी गई है। होटल स्टाफ के अनुसार युवती निकिता ने तीन नवंबर सोमवार दोपहर को होटल में कमरा लिया था।

# गुरुपर्व के उपलक्ष में भव्य नगर कीर्तन का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** धन धन गुरु नानक देव जी के 556वे प्रकाश पर्व के मौके पर विशाल नगर कीर्तन अंबाला के ऐतिहासिक स्थान गुरुद्वारा मंजी साहिब से आरंभ हुआ। जिसकी अगुवाई पांच प्यार कर रहे थे। यह विशाल नगर कीर्तन सुबह 11:30 बजे गुरुद्वारा मांजी साहिब से आरंभ हुआ। जो मिरी पीरी चौंक , नाहन हाउस, जगाधरी गेट, पटेल रोड, मेन बाजार से होता हुआ वापिस गु मंजी साहिब पहुंच कर संपन्न होगा। इस नगर कीर्तन में गुरु हरगोबिंद हाई स्कूल, गुरु हरगोबिंद साहिब पब्लिक स्कूल, कलगी धर स्कूल, व कई शिक्षण संस्थानों ने इस नगर कीर्तन में



हिस्सा लिया। सेवक जत्थे व स्त्री सत्संग सभा ने कीर्तन के माध्यम से नगर कीर्तन में हिस्सा लिया। गतका जत्थे ने गतके जौहर दिखाए अंबाला की संगतों से कई प्रकार के लंगर लगा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। सिक्ख फेडरेशन में जरनल सेक्टरी जत्थेदार चरनजीत सिंह टक्कर ने मीरी पीरी चौंक पर नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए कहा की गुरु नानक देव जी का प्रकाश उस समय हुआ जब चारों तरफ अज्ञानता और आडंबरों का अंधकार छाया हुआ था जिस अंधकार को मिटाने के लिए गुरु नानक देव जी इस धरती पर आए व अपने ढंग से समाज में चल रहे वहमों भ्रमों का खंडन किया।

# 'सॉफ्ट स्किल्स न केवल पेशेवर जीवन में बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी सफलता की कुंजी'

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आज के समय में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स जैसे कि संवाद कौशल, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास भी करियर विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इन्हीं कौशलों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 4 नवंबर 2025 को एक दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने की !कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ,मैनेजर फकीरचंद तथा कार्यक्रम




के विशेषज्ञ प्रशिक्षक डॉ अमित शर्मा जी का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षक डॉ अमित शर्मा (प्रबंधन में विभाग अध्यक्ष) ढङ्घ्रग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने ठरर के विद्यार्थियों को प्रभावी संचार, सकारात्मक सोच, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता से संबंधित व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया और कहा कि सॉफ्ट स्किल्स न केवल पेशेवर जीवन में बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी सफलता की कुंजी हैं। संस्थान की प्राचार्य रेखा शर्मा ने कहा कि ह्लआज की पीढ़ी के लिए सॉफ्ट स्किल्स उतनी ही जरूरी हैं जितना कि विषय ज्ञान।

# बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'अ वेस्ट टू वेल्थ' प्रतियोगिता करवाई गई

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जी.टी. रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए "अ वेस्ट टू वेल्थ" प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें लगभग 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थियों ने वेस्ट सामग्री से बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक वस्तुएं जैसे शोपीस, घर, फूल आदि बनाकर अपनी कला को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें रचनात्मक कौशल विकसित करने में तत्पर रहता है। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में राष्ट्रीय, महाविद्यालय एवं विभाग स्तरीय क्रियाओं के साथ-साथ बहुत सारी कक्षा की गतिविधियां भी कराई



जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि बेस्ट आउट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं, जहाँ वे अपशिष्ट पदार्थों जैसे अखबार, प्लास्टिक, आइसक्रीम स्टिक आदि का उपयोग करके कलाकृतियाँ और मॉडल बनाते हैं। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि कुछ सालों से हमारे महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल एक्स्पोजर देने के लिए उनसे विभिन्न परियोजनाओं पर काम करवाते हैं जैसे कि व्यवसाय एवं वाणिज्य के विषय पर मॉडल बनवाना इत्यादि।

इस बार विद्यार्थियों की कला को निखारने के लिए वेस्ट टू वेल्थ प्रतियोगिता करवाई गई ताकि उनमें कचरे के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा दे और पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी आत्मनिर्भर बन सकें।

## न्यूज फ्लैश

### हरि सिंह नलवा यूथ क्लब गांव स्यू माजरा द्वारा सिख गुरुमति प्रचार प्रसार परीक्षा आयोजित



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां हरि सिंह नलवा यूथ क्लब गांव स्यू माजरा की ओर से सिख गुरुमति प्रचार प्रसार की परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए हरि नलवा यूथ क्लब के प्रधान बलजीत सिंह ने बताया कि उक्त परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को सिख गुरमति के साथ जोड ?ा था और बच्चों में सिख गुरुओं के बलिदान के प्रति जागरूकता लाना था। उन्होंने बताया कि परीक्षा का परिणाम 30 नवम्बर को घोषित किया जाएगा और विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर हरविंदर सिंह, रामबुल कसोर, जगविंदर सिंह, शैली, मनप्रीत सिंह व टोनी आदि भी मौजूद रहे।

### सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता: उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला स्तरीय वाद प्रबंधन समिति की बैठक मंगलवार को उपायुक्त कम-अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नए लॉ अनुसार अधिकारियों की ड्यूटी के बारे में भी अपडेट किया गया। बैठक में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि जिले में लंबित मुकदमों के शीघ्र निपटान, सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके अलावा बैठक में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण की पहचान और हटाने की कार्यवाही, पिछले एक वर्ष में की गई प्रगति, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज एफआईआर वाले कर्मचारियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। बैठक में उपायुक्त डॉ. दहिया ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभाग से संबंधित सभी लंबित दीवानी मामलों की स्थिति रिपोर्ट, अपीलों की प्रगति, और जिन मामलों में अदालतों ने स्टे ऑर्डर या आदेश जारी किए हैं, उनके कारणों और उन्हें हटवाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उपायुक्त ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी तत्परता के साथ अपने विभागों की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें ताकि जिला स्तर पर प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके। बैठक में निगम आयुक्त डॉ पंकज, एसडीएम समालखा अमित कुमार एसडीएम इसराना नवदीप नैन सीईओ डॉ किरण, निगम संयुक्त आयुक्त डॉ संजय, मनी त्यागी, एम डी शुगर मिल संदीप डीएसपी सतीश वत्स, डीएफएससी नीतू , लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सावित पन्नू, डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी राजेश चौधरी के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, एचएसएएमबी, एचएसएचडीसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### यह भी बताएं कि जिले में बरसात के कारण कितना धान खराब हुआ था

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिले में धान की आवक को लेकर मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि वह इसकी जानकारी दें की जिले से बाहर कहां-कहां से मंडियो में धान आई है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की वह यह भी बताएं कि जिले में बरसात के कारण कितना धान खराब हुआ था और कितने गेट पास काटे गए और इन गेट पासों से कितनी धान की आवक जिले की मंडी में हुई है। बता दें कि इस बार मंडियों में भारी मात्रा में धान की आवक हुई है जिससे सरकार ने निर्देश दिए की इसकी जानकारी दी जाए कि यह धान कहां से आई है। पिछले वर्ष जिले में करीब 22000 मीट्रिक टन धान की आवक हुई थी परंतु इस बार करीब 32000 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वेल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# कचरा मुक्त शहर बनाने के लक्ष्य को लेकर करें कार्य : रेनू बाला गुप्ता

**मंथन**

महापौर व निगम अधिकारियों ने कालांवाली, नारनौंद व राजौंद नगर पालिका का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत नगर निगम करनाल के अंतर्गत आने वाली नगर पालिका क्षेत्रों में सफाई व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिकाओं के दौरे शुरू हो चुके हैं। इसके तहत महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगरपालिका कालांवाली (सिरसा), नारनौंद (हिसार) व राजौंद (कैथल) का निगम अधिकारियों के साथ दौरा कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में रैंकिंग सुधारने को लेकर मंथन किया। इस दौरान नगर निगम के उप निगमायुक्त अभय सिंह व सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह भी मौजूद रहे।

महापौर ने नपा अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर की जाए। रिहायशी क्षेत्र में एक बार तथा मार्केट क्षेत्र में दो बार साफ-सफाई करवाई जाए। सफाई निरीक्षक व दरौगा नियमित शहर का दौरा कर सफाई कार्यों को देखें। गलियों की सफाई के दौरान एकत्र कूड़े-कर्कट को रेहड़ी में खुले में रखने के बजाए बोरे में डाला जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी नगर पालिका में सफाई कर्मियों की संख्या कम है, तो वह एच.के.आर.एन.एल. के माध्यम से पूरा करवाएं।

उन्होंने कहा कि कचरा मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य करें, तभी सफलता हासिल की जा सकेगी। कचरा संवेदनशील बिन्दूओं को चिन्हित कर एक-एक कर उन्हें खत्म करें। इन स्थानों पर दोबारा कूड़ा एकत्र न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। आस-पास के निवासियों व दुकानदारों को भी ध्यान रखने के लिए कहा जाए।

उन्होंने कहा कि सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों को बढ़ावा दें। इस कार्य के लिए मोटीवेटर्स को लगाया जाए। नागरिकों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने, कूड़ेदान में ही कचरा डालने, गली, मौहल्ले व खाली प्लॉट को साफ रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक त्यागने को लेकर लगातार जागरूक किया जाए। स्कूलों-कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता, गीला व सूखा कचरा अलग-अलग तथा एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने को लेकर जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएं।

उन्होंने बाजारों को साफ-सुथरा रखने पर भी बल दिया। इसके लिए नियमित साफ-सफाई के अतिरिक्त दुकान-दर-दुकान जाकर कूड़ा एकत्र किया जाए। साफ-सफाई को लेकर बाजारों में प्रतियोगिता करवाई जाए। गैर-सरकारी संगठन व नागरिक कल्याण संघों के साथ बैठकें की जाएं। इस दौरान जो प्रमुख समस्याएं सामने आएं, उन्हें दूर करने को लेकर कार्य किए जाएं।
महापौर ने कहा कि नगर पालिका चेयरमैन, पार्षद व अधिकारी एक टीम के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक-एक कर वार्डों को आत्म निर्भर वार्ड बनाया जाए। स्वच्छता को लेकर वार्डों में भी प्रतियोगिता करवाई जाए।

उन्होंने कहा कि इन सब कार्यों से नगर पालिकाओं की सफाई व्यवस्था अवश्य बेहतर होगी और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के रैंक में भी सुधार होगा।

## सूदखोरों पर एसपी की सख्त चेतावनी, अधिक ब्याज वसूली पर होगी कठोर कार्रवाई

**सख्ती**

सूदखोर अत्यधिक ब्याज वसूलकर लोगों को आर्थिक रूप से परेशान कर रहे हैं।



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर-**
जिला पुलिस ने अधिक ब्याज वसूलकर लोगों को प्रताड़ित करने वाले सूदखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप ने कहा कि जिले में इस प्रकार की कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें सूदखोर अत्यधिक ब्याज वसूलकर लोगों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं।
एसपी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि कई सूदखोर पैसे उधार देते समय खाली चेक और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवा लेते हैं और बाद में उन्हीं दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर झूठे एग्रीमेंट तैयार करते हैं। इसके माध्यम से वे लोगों को ब्लैकमेल कर भारी ब्याज वसूलते हैं।
उन्होंने कहा कि जिले में अब तक 21 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और 13 सूदखोर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।
उन्होंने चेतावनी दी कि इस अवैध गतिविधि में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।
एसपी कमलदीप गोयल ने कहा कि जिला पुलिस इस प्रकार के मामलों में ह्जीरो टॉलरेंस पॉलिसीह्व पर कार्य कर रही है।
उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जो भी व्यक्ति सूदखोरों से परेशान है, वह बिना डर या झिझक के तुरंत पुलिस को शिकायत दें , चाहे सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में या किसी भी थाना स्तर पर। प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस शिकायतकताओं की गोपनीयता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेगी ताकि किसी को किसी भी प्रकार के दबाव या भय का सामना न करना पड़े।
एसपी ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज में अवैध सूदखोरी को समाप्त करने के लिए पुलिस और आमजन दोनों को मिलकर कदम उठाने होंगे।

## श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन



**सोनीपत, 04 नवंबर।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह के निर्देशन में मंगलवार को डीएलएसए द्वारा कुण्डली औद्योगिक क्षेत्र में एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता उदित व श्रम विभाग से हरविंदर ने श्रमिकों के अधिकारियों तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वे किस प्रकार इनका लाभ ले सकते हैं।

पैनल अधिवक्त उदिन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में श्रमिक सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कानून और श्रमिकों के बीच की दूरी को कम करना है ताकि प्रत्येक श्रमिक अपने कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा लाभों के प्रति जागरूक और सशक्त बन सके।

इस अभियान के अंतर्गत श्रमिकों को शिक्षित करना, उन्हें कल्याणकारी योजनाओं, कानूनी सहायता और सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करना तथा सरकारी विभागों एवं कल्याणकारी संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित कर असंगठित श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा करना प्रमुख उद्देश्य है। इस दौरान उन्होंने कंपनी अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा, कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण, कार्य के घंटे, अवकाश और यूनियन संबंधी अधिकारों सहित विभिन्न श्रम कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। अधिवक्ता ने बताया कि जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय तीन लाख से कम है, वे अपने मामलों के लिए निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर सेंटर में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाती है।

## सडक दुर्घटना में सफाई कर्मचारी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक स्कूल सफाई कर्मचारी की सडक हादसे में मौत हो गई। सफाईकर्मी बाइक पर सवार होकर अपनी सेलरी निकलवाने के लिए बैंक जा रहा था। रास्ते में बाइक फिसलने से हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल सफाईकर्मी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मृतक की पहचान 55 वर्षीय रमेश कुमार के रूप में हुई है, वह गुनियाना गांव का रहने वाला था और उसकी ड्यूटी स्योंत गांव के स्कूल में थी और सफाईकर्मी था।
परिजनों के मुताबिक, आज वह अपनी सेलरी निकलवाने के लिए निसिंग के बैंक जा रहा था। वहां से उसने सैलरी निकलवाई। सेलरी निकलवाने के बाद वह अपने घर की तरफ मां और भाई से मिलने के लिए जा रहा था। मां व भाई से मिलने के बाद वह बस्तली गांव के लिए निकला।

## सहारा इंटरनेशनल स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 4 नवम्बर (विजय कौशिक)**
सहारा इंटरनेशनल स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कहानी-कहानी (र३ह्न१८ ळी'ॅल्लॅ) विषय पर आधारित था, जिसमें रिसोर्स पर्सन मनमोहन कौर जी ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर गीति?का अग्रवाल एवं विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रितु गोगिया द्वारा अतिथि के स्वागत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।
रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को कहानी कहने की विभिन्न तकनीकों, रोचक प्रस्तुति के माध्यमों तथा विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता एवं अभिव्यक्ति कौशल को निखारने के प्रभावी उपायों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान कई इंटरैक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे शिक्षकों ने विषय को प्रैक्टिकली समझा और अपनी शिक्षण प्रक्रिया में प्रयोग हेतु नए विचार प्राप्त किए। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल जी ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के ज्ञान को अद्यतन करते हैं, बल्कि शिक्षण-पद्धति को और अधिक प्रभावी व रोचक बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो के साथ हुआ।

**न्यूज फ्लैश**

## शहरवासी जलापूर्ति व सीवरेज के कनैक्शन करवाएं वैध : पुनीत कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा सरकार की ओर से जलापूर्ति व सीवरेज के नए कनैक्शन लेने पर लगने वाला रोड कट शुल्क माफ किया गया है। नए कनैक्शन लेने पर अब रोड कट चार्जिज नहीं भरने पड़ेंगे। यह छूट केवल रिहायशी कनैक्शन लेने वालों पर ही लागू होगी।
नगर निगम के अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र वासियों को जलापूर्ति व सीवरेज के नए कनैक्शन लेने पर रोड कट शुल्क नहीं देने पड़ेंगे। इसलिए नागरिकों को जल्द से जल्द इस छूट का लाभ उठाते हुए वैध कनैक्शन ले लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि गली कच्ची या इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक की गली होने पर 5940 रुपये तथा सीमेंट कंक्रीट या तारकोल सडक होने पर 9900 रुपये रोड कट शुल्क लगता था, जो माफ कर दिया गया है। इससे नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कनैक्शन लेते समय अगर नागरिक मीटर नहीं लगवाते, तो उन्हें रोड कट शुल्क देने अनिवार्य होंगे।
उन्होंने बताया कि घरेलू जलापूर्ति व सीवरेज कनैक्शन लेने पर अब नागरिकों को केवल 1550 रुपये फीस के रूप में देने होंगे। आवेदन करने के एक सप्ताह बाद सम्बंधित नागरिक को कनैक्शन जारी कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि घरेलू कनैक्शन लेने पर सालाना बिल 720 रुपये आएगा। अगर मीटर नहीं लगवाया गया, तो यह राशि बढकर 1440 रुपये हो जाती है। इसी प्रकार कॉमर्शियल कनैक्शन लेने पर सालाना बिल 1500 रुपये आता है और मीटर न लगवाने पर यह बिल 15000 रुपये हो जाता है।
कनैक्शन के लिए जरूरी दस्तावेज- उन्होंने बताया कि कनैक्शन लेने के लिए नागरिकों को रजिस्ट्री, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, मालिक की फोटो, प्रॉपर्टी आई.डी. तथा पानी मीटर का बिल प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करने देना होगा। इसके साथ एक शपथ पत्र भी देना होगा। अधिक जानकारी के लिए नागरिक नगर निगम कार्यालय के भूतल पर स्थित कमरा नम्बर 128 में सम्पर्क कर सकते हैं।
नोटिस वितरित करने का कार्य जारी- उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा अवैध कनैक्शन को वैध करवाने के लिए नोटिस वितरित किए जा रहे हैं। इसके तहत अब तक करीब 13 हजार नोटिस वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से करीब 1550 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## सुगनी देवी स्कूल की खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लहराया परचम

**लाडवा, 4 नवम्बर (विजय कौशिक)** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने हर्ष के साथ बताया कि राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हमारे विद्यालय के देव, वेनिका, सिद्धार्थ, हरमंदीप और सुनैना राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता शाहाबाद में आयोजित की गई। जिसमें में 500 बच्चों ने भाग लिया।
सुगनी देवी स्कूल के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण पदक (देव , सुनैना, वेनिका ,सिद्धार्थ, हरमंदीप) लक्षिता ने रजत पदक और दिशा ने कांस्य पदक प्राप्त किया और इसी के साथ ओपन कराटे प्रतियोगिता में भी हमारे स्कूल के बच्चे ने बाजी मारी। जिसमें कुंज, अरनव ,मयंक ने स्वर्ण पदक निकुंज और पर्व ने रजत पदक, गौरव और आरवी ने कांस्य से पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य, प्रधानाचार्या, हेडमिस्ट्रेस, कोऑर्डिनेटरस और सभी अध्यापकों ने बच्चों को और अध्यापक करणजीत को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## योग प्राकृतिक चिकित्सा व पंचकर्म विधि से होगा निशुल्क इलाज : डॉक्टर सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 4 नवम्बर (विजय कौशिक):** हिनोरी रोड लाडवा पर भगतराम धर्म कांटे के पास बने आरोग्य धाम के सौजन्य से दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए डॉक्टर सुभाष लोधी ने बताया कि शिविर में दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच व इलाज 6 नवंबर व 7 नवंबर को प्रातः 10:00 से सायं 4: बजे तक किया जाएगा ।इस शिविर में एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा सिंह, योग विशेषज्ञ डॉक्टर आर एन सिंह व डॉक्टर कमलेश व डॉक्टर शशी लोधी शिरकत करेंगे ।इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर शुक्ला गुप्ता उद्योगपति व संरक्षक ट्रस्टी भामाशाह कुटुंब वृंदावन के द्वारा किया जाएगा । इस शिविर के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए शिविर संयोजक डॉक्टर सुभाष लोधी ने बताया कि आरोग्यधाम द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होता रहता है। इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा विशेष तौर पर शरीर के दर्दों को ठीक करने के लिए जिसमें कमर दर्द, स्लिप डिस्क, मनके सरकना, गर्दन दर्द, सर्वाइकल, घुटने में जोड़ों का दर्द ,पुराना सर दर्द, माइग्रेन, पुराना नजला, एलर्जी, सर्दियों में नाक बंद रहना, कंधे जाम होना आदि बीमारियों का इलाज करने के साथ-साथ रोगी को सेल्फ हीलिंग , स्वयं उपचार देने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर इस शिविर में मुख्य तौर पर पूजा सिमर, सुषमा रानी, उषा देवी, सरिता रंगा, राम आमलोहा, कविता टपरवल, सुरेंद्र डोगरा, सतनाम सिंह, रोशन शर्मा, रणधीर खानपुर, नीला गर्ग, राजेंद्र सिंह धूमसी, विजयपाल आदि सेवादार व सहायक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

## महिलाएं करें जलवायु संरक्षण मुहिम का नेतृत्व : डॉ. चौहान

**कॉन्फ्रेंसिंग**

प्रत्येक व्यक्ति को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझ कर अपने स्तर पर हरित पहल करनी चाहिए।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझ कर अपने स्तर पर हरित पहल करनी चाहिए।

डॉ.चौहान राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय जलवायु नेतृत्व एकीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित कर रहा है।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तेजी से दिखाई दे रहे हैं। हमें स्थानीय स्तर पर सतत विकास के ऐसे मॉडल तैयार करने होंगे जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज के आर्थिक विकास में भी सहायक हों।
इस कार्य की अगुआई महिलाएं करें तो जल्द परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि जैसे महिलाएं भारतीय संस्कृति की पुरुषों की तुलना में अधिक प्रभावी संरक्षक हैं ठीक उसी तरह पर्यावरण और जलवायु से जुड़े मसलों पर सनातन ज्ञान परंपरा से वे प्रभावी समाधान खोज सकती हैं।

निदेशक ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपनी ऊर्जा और नवाचार का उपयोग पर्यावरण हितैषी पहल के लिए करें, ताकि आने वाली पीढि?ों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

संस्थान में सहायक आचार्य संदीप भारद्वाज ने बताया कि महिलाओं का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जर्मन विकास सहयोग परियोजना क्लाइमेट अडैप्टेशन, रेजिलियंस, फाइनेंस इन रूरल इंडिया (काफरी-2) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और संघीय गणराज्य जर्मनी के बीच द्विपक्षीय सहयोग के अंतर्गत जी आई जेड इंडिया की एक पहल है, जिसे कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन के सहयोग से निहित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन से संबंधित चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा अपने-अपने क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल कार्यों को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार राज्यों हरियाणाए उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से प्रतिभागी भाग ले रहे है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जलवायु नेतृत्व, सतत विकास, पर्यावरणीय नवाचार एवं स्थानीय स्तर पर हरित समाधान से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य संदीप भारद्वाज और सुशील मेहता मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भर भारत एवं रन फॉर यूनिटी पद यात्रा का 8 नवम्बर को होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
महान स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150,वी जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 8 नवम्बर को बाद दोपहर 3 बजे पानीपत जिला के गांव गवालडा से एक विशाल पद यात्रा का आयोजन होगा।इस विषय को लेकर भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल के सभागार में, जिला स्तरीय प्रेसवार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता एवं इस पद यात्रा के संयोजक कृष्ण छोक्कर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी
प्रेस से वार्ता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारत अपने महान स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रीय एकता अखंडता के अग्रदूत सरदार



पटेल की 150 वी जयंती को "रन फॉर यूनिटी एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के रूप में मना रहा है।इसी कड़ी में 8 नवम्बर को जिला पानीपत के गाँव गवालडा से ह्यरन फॉर यूनिटीह्व एवं आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा` इस अभियान का नेतृत्व केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल करेंगे इस रैली को सफल बनाने में जिला के सभी युवा संगठन, एनएसएस, एनसीसी, हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड्स जैसे संगठनों के स्वयंसेवक पूर्ण सहयोग देंगे पद यात्रा में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के युवा छात्र भारी संख्या में भाग लेंगे इसके अलावा भाजपा के सभी मोर्चों के पदाधिकारी और सदस्य तथा भाजपा जिला युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ता भी पूर्ण सहयोग देंगे`
उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पी लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व और द्दढ इच्छा शक्ति का ही परिणाम था कि 562 रियासतों के विलय से एक अखंड भारत का निर्माण हुआ` उन्होंने कहा कि आजादी के लगभग 78 वर्षों में भारत ने अनेक उतार चढ़ाव देखे फिर भी भारत की तेज विकास यात्रा में आज भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अब विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है हरियाणा के 59 वर्षों की विकास यात्रा भी इस बात की गवाही दे रही है कि हरियाणा ने सम्पन्नता और खुशहाली तक का लम्बा सफर तय किया है पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में यह सफर अनवरत जारी है
उन्होंने कहा कि जहाँ आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता का आधार होता है, वहीँ किसी भी राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी पहली शर्त है इसलिए सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें` इस अवसर पर उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, नरेश बेनीवाल, चाँद भाटिया, ओम दत्त आर्य, रेशमा राजपूत और कृष्ण दुगल मौजूद रहे।

## हरियाणा की सबसे ऊंची पर्वत चोटी पर स्थित है माता मंत्रा देवी मंदिर

**यमुनानगर, धर्मबीर-**
हरियाणा राज्य की शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं की सबसे ऊंची चोटी पर स्थित माता मंत्रा देवी मंदिर अपनी अद्भुत धार्मिक मान्यता और रहस्यमयी घटनाओं के लिए प्रसिद्ध है। यमुनानगर-जगाधरी से व्यासपुर, रणजीतपुर होते हुए काठगढ़ गांव तक लगभग 35 किलोमीटर सड़क मार्ग तय कर श्रद्धालु पर्वत की 4 किलोमीटर ऊंचाई पैदल तय करते हुए इस मंदिर तक पहुंचते हैं। करीब 2 हजार फुट ऊंची पहाड़ी पर बने इस मंदिर में एक ही लाल पत्थर से निर्मित नर-नारायण की दिव्य पिंडी रूप मूर्तियां स्थापित



हैं। मंदिर के द्वार पर हनुमान जी और भैरव जी द्वारपाल के रूप में विराजमान हैं। मान्यता है कि लक्ष्मी पूजा की अर्धरात्रि को मंदिर से लगभग 500 मीटर नीचे स्थित एक बरगद के पेड़ से चमकती हुई ज्योति प्रकट होती है, जो मंदिर में जाकर विलीन हो जाती है। उसी मार्ग पर शेर के पदचिह्नों के दर्शन होते हैं, जिनके दर्शन के लिए हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।
मंदिर से पूर्व दिशा में स्थित गुरु शिखर पर्वत के नीचे ब्रह्मा, विष्णु और शिव नाम के तीन प्राकृतिक कुंड हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने जब आदिबद्री क्षेत्र में तपस्या की थी, तब यज्ञ मंत्रों से प्रकट हुई देवी ने उनके साथ इस पर्वत पर निवास किया। वही देवी आगे चलकर माता मंत्रा देवी के रूप में प्रसिद्ध हुईं। हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कपाल मोचन मेले में आने वाले श्रद्धालु सरस्वती उद्गम स्थल, आदि नारायण और केदारनाथ मंदिर में पूजा के बाद माता मंत्रा देवी के दर्शन करने अवश्य जाते हैं।

## संपादकीय

# अराजक तत्वों से सुरक्षित हों चुनाव

**लोकतंत्र** की शासन-विधा जितना उन्मुक्त करती है उतनी ही सतर्कता की भी अपेक्षा करती है। इसके सार्थक संचालन के लिए कुछ मयार्दाओं का पालन आवश्यक होता है। उन मयार्दाओं में जो उसके अस्तित्व की रक्षा करती हैं उसमें आम चुनाव की बेहद खास भूमिका है। चुनाव के माध्यम से जनता के सरोकारों का पता चलता है तथा उसकी पसंद और नापसंद की अभिव्यक्ति होती है। इसी से सरकारें बनती हैं और शासन-प्रक्रिया की नींव भी पड़ती है। हम सब देख रहे हैं कि विश्व में वे देश जो ठीक समय पर आम चुनाव करा पाते हैं और आम चुनाव की गरिमा की रक्षा कर पाते हैं वहाँ लोकतंत्र का स्वास्थ्य प्रायः ठीक रहता है। इसलिये यह जरूरी हो जाता है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि चुनाव शांतिपूर्ण हों और उसकी शुचिता सुरक्षित बनी रहे। इसके लिए सभी राजनैतिक दलों को चुनाव की मयार्दाओं का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। साथ ही यह भी आवश्यक होगा कि चुनाव का तंत्र निष्पक्ष रूप से चुनाव का कार्य पूरा करे और उसे काम करने की पूरी छूट दी जाय। निर्वाचन आयोग मुस्तैदी से चुनाव कराने और उसके लिए उचित व्यवस्था बनाये रखने की भरपूर कोशिश करता रहा है। इस काम में उसे सफलता भी मिली है। चूँकि चुनाव राजनीति के जीवन-चक्र की धुरी होता है और उसके परिणामों पर ही राजनेताओं का भविष्य निर्भर होता है, उसका प्रलोभन भी अत्यन्त आकर्षक होता है। लोग चुनाव को प्रभावित कर अपने पक्ष में करने को लालायित और व्यग्र रहते हैं। इससे जुड़े सब लोगों की नजर अपने लिए प्रतिस्पर्धा के बीच चुनावी सफलता को सुनिश्चित करने पर ही टिकी होती है। राजनैतिक पार्टियां भी उसी उम्मीदवार को चुनावी टिकट देकर अपना दाँव लगाती हैं जिसे जीत सकने की संभावना होती है। आज के दौर में यह चुनौती बहु आयामी हो चली है जिसमें राजनैतिक विचारधारा के साथ प्रतिबद्धता कम और कर्मठता तथा योग्यता पर जनता जनार्दन की ज्यादा नजर होती है। इसके साथ ही जाति, क्षेत्र, और भाषा भी मुख्य किरदार बन कर खास भूमिका निभा रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही है कि जाति आज की राजनीति की प्रमुख भाषा होती जा रही है। जाति को दूर करने के लिए कटिबद्ध राजनेता चुनाव में जाति के प्रति जिस तरह समर्पित दिखते हैं वह निराशाजनक है और जाति की जड़ों को मजबूत करने वाला है। आज इन सबके जटिल समीकरण बिठाने पर ही चुनावी रणभूमि में कामयाबी मिल पाती है। जातियों के छत्रप और बाहुबली इसी तरह चुनाव जीतते हैं और मंत्री भी होते हैं। हमारे सामने खड़े उम्मीदवारों में ऐसे सफल खिलाड़ी भी दिखते हैं जो धन और बाहुबल की बदौलत आगे बढ़ते हुए अपनी पहचान बना चुके होते हैं। बढ़ती दबंगई इस परिदृश्य को नैतिक रूप से तेजी से प्रदूषित कर रही है। चुनाव आने पर अन्तर सामूहिक हिंसा बढ़ने लगती है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# गढ़मुक्तेश्वर गंगा में दीपदान से मिल जाता है दिवंगतों को मोक्ष!



**मनोज कुमार अग्रवाल**



> सम्राट् युधिष्ठिर ने जो निर्णय लिया उसके बाद जो तीर्थयात्रा निकली वह कार्तिक शुक्ल अष्टमी का ही दिन था। इसी दिन गौ पूजन करके गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में सम्राट युधिष्ठिर द्वारा धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया गया। यह देवोत्थान एकादशी थी। महाभारत युद्ध में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए यहां एकादशी से चतुर्दशी यज्ञ किया था, और इसके अगले दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करके कथा का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि इस साल ऐतिहासिक गढ़मुक्तेश्वर मेले को 'मिनी-कुंभ' के रूप में आयोजित किया

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़ मुक्तेश्वर वह पौराणिक तीर्थ है जहां शिव के गण जय विजय को मुक्ति मिली थी यहां कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला मेला महाभारत कालीन अतीत से जुड़ा है।भारत की सनातन संस्कृति के लिए यह मेला और यहां का पवित्र गंगा स्नान देश और दुनिया के पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान बना है।इस मौके पर दिवंगत मृतकों की स्मृति में दीपदान करने से उनकी आत्मा को शान्ति मिल जाती है ऐसी मान्यता है।

आज इस मेले का स्वरूप मिनीकुम्भ बन चुका है दस किलोमीटर क्षेत्रफल से अधिक में फैला यह मेला देश दुनिया के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। कार्तिक गंगा मेला केवल स्नान करने तक ही सीमित नहीं है। कार्तिक पूर्णिमा मेला एकता, भाईचारे, सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है। यहां से देश के विकास को नई दिशा मिलती है। प्रदेश के मानचित्र पर आने के बाद मेला विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साख बढ़ा रहा है। अब मेले से प्रदेश को विकास और स्वदेशी का मूल-मंत्र मिल रहा है। दिल्ली से 100 किमी दूर और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 से लगे, गंगा के निचले तट पर स्थित गढ़ मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला यह मेला यहां अनादिकाल से आ रहा है। जबकि, महाभारत युद्ध के बाद इस स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ गया। मेले का अतीत पांडवों और भगवान श्रीकृष्ण से भी जुड़ा है बताया जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर भगवान श्रीकृष्ण के निर्देश पर सम्राट युधिष्ठिर ने कौरवों और पांडवों की सेना के विशाल वीर योद्धाओं और सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए उनका तर्पण किया था। एक ओर पौराणिक साक्ष्य और तथ्य गढ़ मुक्तेश्वर के एतिहासिक सांस्कृतिक अध्यात्मिक महत्व को बयान करते हैं, वहीं आज के इतिहासकार और विद्वान भी मानते हैं कि यह स्थान द्वापर युग में भी सबसे पहले प्रसिद्ध हुआ था। क्योंकि शिवपुराण के अनुसार इस 'गढ़मुक्तेश्वर' का प्राचीन नाम 'शिववल्लभ' हुआ, अर्थात जो भगवान शिव का ही एक प्रिय नाम है।पुराणों में गढ़ मुक्तेश्वर की महिमा काशी के समान बताया गया है, क्योंकि गढ़ मुक्तेश्वर में ही भगवान शिव ने अपनी जय और विजय नाम के गणों को महर्षि दुवार्सा के द्वारा पिशाच योनि के श्राप से मुक्ति दिलाई थी। जिसके बाद इस स्थान का नाम गणमुक्तेश्वर यानि कि गणों की मुक्ति करने वाले भगवान शिव के नाम से पड़ा था। गणमुक्तेश्वर का वह प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर आज भी उस पौराणिक घटना का साक्षी है।

त्रेता युग में भी गढ़मुकतेश्वर की महिमा का वर्णन है शिव पुराण के अनुसार इसी गढ़ मुक्तेश्वर के क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे ही एक घना वन था, जिसे खाण्डव वन के नाम से जाना जाता था। इसी खांडवी वन में भगवान परशुराम ने ही शिवलिंग की स्थापना की थी। त्रेता युग का यही खांडववन, द्वापर युग में यानि महाभारत के काल में खांडव वन के नाम से अस्तित्व में आया और यही खांडव वन बाद में खांडवप्रस्थ कहलाया और उसके बाद इंद्रप्रथ बना। यही खाण्डव वन हस्तिनापुर राज्य के अधीन था इसलिए पांडवों ने खांडव वन में अपना नया राज्य स्थापित किया था।सम्राट् युधिष्ठिर के निर्णय के बाद भगवान परशुराम द्वारा स्थापित शिववर्षपुर यानी गढ़ मुक्तेश्वर के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा और यज्ञ आदि करके मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया गया था।

सम्राट् युधिष्ठिर ने जो निर्णय लिया उसके बाद जो तीर्थयात्रा निकली वह कार्तिक शुक्ल अष्टमी का ही दिन था। इसी दिन गौ पूजन करके गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में सम्राट युधिष्ठिर द्वारा धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया गया। यह देवोत्थान एकादशी थी। महाभारत युद्ध में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए यहां एकादशी से चतुर्दशी यज्ञ किया था, और इसके अगले दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करके कथा का आयोजन किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि इस साल ऐतिहासिक गढ़मुक्तेश्वर मेले को 'मिनी-कुंभ' के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह मेला उत्तर प्रदेश की गहरी आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। यह मेला 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। गंगा की कल कल करती पावन लहरों के किनारे दस किलोमीटर के क्षेत्रफल में बसा तंबुओं का अस्थायी नगर और गंगा में दीपदान से तैरते जलते दीपक एक ऐसी मनोहारी छटा दशार्ते हैं जिस को एक बार देख कर ही ह्रदय आस्था और पवित्रता से आह्लादित हो जाता है। राज्य सरकार का लक्ष्य इसे पूरी श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ आयोजित करना है, ताकि हर श्रद्धालु शांति और दिव्य आशीर्वाद लेकर लौटे। इस मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। रविवार को मुख्यमंत्री ने हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर में होने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। मेले की जगहों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद, उन्होंने एक समीक्षा बैठक की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा के किनारे करीब 40 से 45 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान करने और दीपदान करने आते हैं। मेले का मुख्य स्नान 5नवंबर को है। इस दिन तीस से पचास लाख श्रध्दालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर कीमत पर मेला किसी अप्रिय घटना से रहित संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन पर सौंपी है। योगी स्वयं मोनिटरिंग कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)**

# कार्तिक पूर्णिमा पर करोड़ों भक्त गंगा में लगाएंगे आस्था की डुबकी

**संजय सक्सेना**

अबकी बार गंगा स्नान पर्व, कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर, कल (5 नवंबर 2025 को) मनाया जाएगा। यह पर्व हिन्दू धर्म में अत्यंत पौराणिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता रखता है, जिसमें गंगा नदी के तट पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष और पुण्य की कामना करते हैं। गंगा स्नान पर्व केवल स्नान की धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि वह जन-जन की आस्था, पाप-निवारण, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक पहचान का पर्व है। यह पर्व भी देश के कोने-कोने से जुड़ी करोड़ों आस्थाओं को एक बार फिर पवित्र गंगा तटों पर एकत्र करेगा, जो सनातन परंपरा की जीती-जागती मिसाल है।गंगा स्नान पर्व के पीछे अनेक पौराणिक कथा एवं धार्मिक विश्वास प्रचलित हैं। मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने मात्र से अपने पिछले जन्मों के साथ ही वर्तमान जन्म में अनजाने में किए गए पाप भी धुल जाते हैं तथा मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। इसे पापनाशिनी से भी संबोधित किया गया है। ऐसा विश्वास है कि गंगा स्वयं स्वर्ग से पृथ्वी पर भागीरथ के तप के कारण अवतरित हुई थी, जिससे उनके स्नान से सभी प्रकार के पाप, कष्ट और बंधन समाप्त हो जाते हैं। यही कारण है कि देवताओं तक के बारे में कहा गया है कि वे भी इस पुण्यतिथि पर पृथ्वी पर उतरकर गंगा में स्नान करते हैं और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। कई शास्त्रों एवं पुराणों (जैसे पद्म पुराण) में भयंकर पापों के निवारण और मुक्ति के लिए गंगा स्नान को महत्ता दी गई है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष आग्रह है कि सूर्योदय के समय गंगा में स्नान किया जाए, अपने सामर्थ्य अनुसार अन्न, वस्त्र आदि का दान किया जाए क्योंकि स्नान के बाद तर्पण, जप और दान पुण्य करने से उसका गुण कई गुना अधिक हो जाता है। यह पर्व ह्लदेव-दीपावलीह्व के रूप में भी प्रसिद्ध है, जब देवता भी दीप प्रज्वलित कर गंगा में आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित माने जाते हैं।

**प्रमुख तीर्थ स्थल जहाँ सर्वाधिक स्नान होता है**

गंगा स्नान पर्व पर देशभर से लाखों श्रद्धालु गंगा के विभिन्न प्रसिद्ध तटों पर एकत्रित होते हैं। इनमें से कुछ तीर्थ स्थानों में सबसे अधिक भीड़ उमड़ती है। इसमें प्रयागराज (त्रिवेणी संगम) प्रमुख है। यहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है। पर्व के समय विशाल भीड़ एकत्र होती है। हरिद्वार (हर की पौड़ी) यह देवभूमि उत्तराखंड में स्थित है।

हर की पौड़ी विश्व प्रसिद्ध गंगा घाट है। यहाँ रोजाना लाखों लोग स्नान व आरती के लिए आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर यहाँ अद्भुत दृश्य होता है। वहीं एक और तीर्थ स्थल वाराणसी, जहाँ भगवान शिव की प्रिय नगरी काशी में दशाश्वमेध घाट सबसे प्रसिद्ध है, यहाँ गंगा स्नान के साथ भव्य आरती भी होती है। यहाँ गंगा स्नान करने से अद्भुत आत्मिक शांति की अनुभूति होती है।

## विचार

# लालू का नाम लेकर तेजस्वी ने भाई तेज को कैसे किया बाहर

**अजय कुमार**

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से ठीक पहले लालू यादव के परिवार में भाइयों के बीच का विवाद राज्य की सियासत में एक बार फिर केंद्र में आ गया है। तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के बीच जारी टकराव न सिर्फ व्यक्तिगत रिश्तों में खटास को दशार्ता है, बल्कि यह महागठबंधन की राजनीति और आरजेडी के भविष्य पर भी असर डाल सकता है। इस विवाद की वजह है तेज प्रताप को घर से बाहर निकाल दिया जाना और तेजस्वी यादव द्वारा लालू यादव द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय जनता दल को पूरी तरह से कब्जा लेना। तेजस्वी यह दिखा रहे हैं कि बड़े भाई तेज प्रताप के अनुचित व्यवहार के चलते पिता लालू यादव का उन्हें (तेजस्वी) साथ मिल रहा है, जबकि हकीकत यह है कि स्वास्थ्य कारणों से लालू यादव राजनीति से करीब-करीब कट गए हैं, वह चाह कर भी तेजस्वी के खिलाफ नहीं जा पा रहे हैं। तेज प्रताप को घर और पार्टी से निष्कासित किए जाने का फैसला भले ही लालू यादव का बताया जा रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि तेजस्वी यादव ने अपने हित साधने के लिए तेज को मां-बाप से दूर करने में अहम भूमिका निभाई है। इसी के चलते तेज प्रताप अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के खिलाफ हमलावर हैं। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पार्टी और घर से बाहर किए जाने के बाद तेज प्रताप यादव सियासी रूप से ज्यादा परिपक्व नजर आ रहे हैं। उनके बयानों में लोच या हल्कापन नहीं नजर आता है। हाल के दिनों में तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को नादान और बच्चा जैसे शब्दों से संबोधित किया है। एक बयान में तेज प्रताप ने कहा, अभी वो बच्चा है, चुनाव के बाद उसे झुनझुना पकड़ाएंगे। तेजस्वी यादव द्वारा तेज प्रताप के खिलाफ उनके पारंपरिक क्षेत्र महुआ में प्रचार करने से विवाद और तेज हो गया है। तेज प्रताप ने जवाब में कहा कि वे भी तेजस्वी के गढ़ राघोपुर में प्रचार करेंगे। दोनों भाई खुले तौर पर एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोलते नजर आए हैं। गौरतलब हो, लालू यादव का परिवार बिहार की राजनीति का सबसे प्रभावशाली परिवार रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में तेज प्रताप और तेजस्वी के बीच की दूरी गहरी होती गई। 2017-18 के बाद से ही तेज प्रताप खुद को परिवार और पार्टी के मुख्य निर्णयों से अलग पाते रहे। तेजस्वी यादव को पार्टी की कमान मिलने के बाद यह टकराव खुलकर सामने आ गया। तेज प्रताप का मानना है कि तेजस्वी द्वारा उनकी अनदेखी की गई, जबकि तेजस्वी अपने अधिकारिक रुख पर अडिग हैं और संगठन हित में फैसले लेने की बात कहते हैं। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में यह विवाद और बढ़ गया, जब तेज प्रताप यादव ने अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल से महुआ सीट से नामांकन किया और तेजस्वी यादव की पार्टी राजद ने भी उसी सीट से प्रत्याशी उतार दिया। दोनों अपने-अपने क्षेत्र में एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं तेजस्वी महुआ, जबकि तेज प्रताप ने राघोपुर में प्रचार करने में संकोच नहीं किया। इसके बाद इस प्रत्यक्ष टकराव ने आरजेडी की एकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेज प्रताप यादव द्वारा झुनझुना पकड़ाने और दूध का दांत भी नहीं टूटा जैसे शब्दों का इस्तेमाल केवल व्यक्तिगत असंतोष ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक रूप से तेजस्वी की नेतृत्व क्षमता और सियासी समझ को चुनौती देने का एक तरीका भी है। दूसरी ओर, तेजस्वी यादव अपने विकास पुरुष और नई पीढ़ी के नेता की छवि को लगातार मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि तेजस्वी के दबाव के चलते ही परिवार के अन्य सदस्य, मसलन राबड़ी देवी ने हाल ही में बयान दिया कि तेज प्रताप से राजद का रिश्ता खत्म हो सकता है, लेकिन वे उनके बेटे हैं और रहेंगे। सोशल मीडिया पर भी समर्थकों के बीच खासी बहस छिड़ी है।

कुछ लोग तेज प्रताप का पक्ष ले रहे हैं तो कुछ तेजस्वी का। तेज प्रताप के पक्षधर मानते हैं कि वे अपने क्षेत्र के लिए लड़ रहे हैं, वहीं तेजस्वी समर्थक उन्हें पार्टी विरोधी और परिवार विरोधी ठहराते हैं। बहरहाल, दोनों भाइयों के बीच तनाव के चलते आरजेडी की एकता और महागठबंधन की मजबूती पर प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। भाजपा और जदयू जैसी विरोधी पार्टियां इसका फायदा उठाकर जातीय समीकरण साधने की कोशिश कर रही हैं। वहीं कहा यह भी जा रहा है कि मुस्लिम-यादव

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## ब्यूटी टिप्स

# विटामिन-सी से सौन्दर्य

**-शहनाज हुसैन**

**अगर आ**प अपने सौन्दर्य बिशेषज्ञ को त्वचा के लिए बेहतरीन प्रकृतिक खाद्य पदार्थों के बारे में पूछेंगी तो विटामिन सी की खुराक शायद सबसे टॉप पर होगी / विटामिन सी को शरीर में सप्लीमेंट या डाइट द्वारा ही लिया जा सकता है तथा इसकी शरीर में प्रकृतिक रूप में उत्पति नहीं होती /

विटामिन सी की गणना सबसे प्रभाबी और सुरक्षित पौषक तत्वों में की जाती है जोकि आंबला और अमरुद जैसे शाकाहारी भोज्य पदार्थों में सर्बाधिक पाया जाता है / यह पालक ,मूली , अंकुरित अनाज ,संतरे , हरी और लाल मिर्च , ब्रॉक्ली ,पपीते , स्ट्रॉबेरी , अनानास , कीवी और आम जैसे फलों , सब्जियों में भरपूर मात्रा में पाया जाता है /

डॉक्टरों की माने तो ब्यस्क पुरष को रोजाना 90 मिली ग्राम और महिला को रोजाना 75 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करना चाहिए / गर्भबती महिलाओं को लगभग 85 मिलीग्राम तथा स्तनपान करबाने बाली महिलाओं को रोजाना 120 मिलीग्राम विटामिन सी की जरूरत होती है और इससे ज्यादा विटामिन सी का सेवन करने से दस्त , उल्टी ,पेट दर्द ,सिर दर्द ,पथरी आदि कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं / डॉक्टरों के अनुसार विटामिन सी की शरीर में अधिकता से कोई बिषाक्त और हानिकारक प्रभाब नहीं पड़ता क्योंकि जल में घुलनशील होने की बजह से इसका उतसर्जन शरीर में मूत्र के द्वारा हो जाती है /

विटामिन सी दिल की बिमारियों , एनीमिया ,क्लोस्ट्रोल ,मोतियाबिन्द और डायबिटिक जैसी बिमारियों को ठीक करने के लिए भी काफी मददगार साबित होती है /

विटामिन सी की कमी से जोड़ों का दर्द ,दांतों में दर्द , मसूड़ों से खून बहना , थकान /कमजोरी आदि की अनेक समस्याएं सामने आती हैं / त्वचा की देखभाल तथा सौन्दर्य के लिए आप अकसर महगें सौन्दर्य प्रसाधनों तथा फेशियल और क्लीजिंग जैसे ब्यूटी ट्रीटमेंट की ओर रूख करती है। जबकि बास्तविकता यह है कि स्वस्थ्य और नर्म ,मुलायम त्वचा के लिए जिम या पार्लर जाने की ज्यादा जरूरत जरूरत नहीं है।

# सृजन की साक्षी भारतीय अभियांत्रिकी परंपरा

**विवेक रंजन**

**कभी** कभी इतिहास स्वयं को रचने के लिए मनुष्य का सहारा नहीं लेता, बल्कि मनुष्य को अपने साधन के रूप में प्रयोग करता है। भारत की सभ्यता ने यही किया है। जब मानव ने मिट्टी को आकार देना सीखा, तो भारत ने उससे मंदिर गढ़े। जब जल को नियंत्रित करने की आवश्यकता हुई, तो भारत ने नदियों के तट पर सिंचाई की व्यवस्था बनाई।

जब पत्थरों से दीवारें बनीं, तो भारत ने उन दीवारों में नक्काशी से कविता लिख दी। यह वह भूमि है जहाँ अभियंत्रण केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन था। यहाँ अभियंता केवल निमार्ता नहीं, भगवान विश्वकर्मा के स्वरूप में सृष्टा माने गए। मोहनजोदड़ों और हड़प्पा की विकसित सभ्यता आज भी हमें यह सिखाती हैं कि स्वच्छता और जल-प्रबंधन केवल शहरी सुविधा नहीं, बल्कि सभ्यता की रीढ़ हैं। सिंधु घाटी का नगर नियोजन, समकोणीय गलियाँ, कुएँ, स्नानागार, ये सब हमारे पूर्वज अभियंताओं की प्रतिभा का जीवंत प्रमाण हैं। प्राचीन ग्रंथों में भगवान विश्वकर्मा का उल्लेख उसी गौरव के साथ हुआ है जिस गौरव से कवि वाल्मीकि और ऋषि व्यास का। हर वर्ष हमारी संस्कृति में हम इंजीनियरिंग संस्थानों में विश्वकर्मा पूजन के आयोजन करते आए हैं। भारतीय अभियंत्रण सदैव कला, विज्ञान और आध्यात्म के संगम पर खड़ा रहा है। हमारे मंदिरों की स्थापत्य कला, लोहे के खंभे जो सदियों से जंगरहित खड़े हैं, या फिर अजन्ता की गुफाओं में शिल्प-सौंदर्य , सब यह बताते हैं कि हमारे अभियंता केवल साधन बनाने वाले नहीं, जन आत्मा में बसने वाले कलाकार थे। बदला, औपनिवेशिक युग आया। इंजीनियरिंग का अर्थ केवल गणितीय संरचना तक सीमित कर दिया गया। भारत में अभियंत्रण को अंग्रेजी पाठशालाओं के माध्यम से नए रूप में ढाला गया। किंतु भारतीय मस्तिष्क अपनी जड़ों से कट नहीं सका। स्वतंत्रता संग्राम के साथ ही एक नए अभियंत्रण युग का आरंभ हुआ , जो आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। रेलवे, सिंचाई परियोजनाएँ, बांध, इस्पात संयंत्र, औद्योगिक नगर , ये सब नवभारत की नींव थे।

## न्यूज फ्लैश

### सभी गांवों व लाडवा शहर में लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन करवाने के लिए 5, 6 व 7 नवंबर को लगाए जाएंगे विशेष शिविर: पंकज सेतिया

**लाडवा, 4 नवंबर (विजय कौशिक)**
**उपमंडल अधिकारी** (नागरिक) पंकज सेतिया ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन और केवाईसी करवाने के लिए उपमंडल के सभी गांवों व शहरी क्षेत्र में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 5, 6 व 7 नवंबर को किया जाएगा। प्रत्येक गांवों में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। निवास स्थान, जन्मतिथि के सत्यापन के लिए पटवारी और नंबरदार शिविरों में मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही ग्राम सचिव आवेदन के कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए शिविरों में उपस्थित रहेंगे।
एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि लाडवा व बाबैन बीडीपीओ गांवों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करेंगे। इसके साथ ही इन शिविरों के सुचारू संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे। इन शिविरों में ग्राम सचिवों को अहम भूमिका निभाने के लिए नियुक्त रखेंगे। उन्होंने नगर पालिका के सचिव शहरी लाभार्थियों के लिए पार्षदों के साथ संपर्क कर इन शिविरों को सफलतापूर्वक आयोजन करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के प्रत्येक शिविर में ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण करने सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लाभार्थियों को पंजीकरण व केवाईसी के लिए प्रेरित करने के कार्य को आगे भी निरंतर जारी रखेंगी।
एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत लंबित पंजीकरण और केवाईसी को पूरा करने के लिए जिला स्तर पर डेटा का विश्लेषण किया गया। इस दौरान सामने आया कि अभी तक योग्यता रखने वाले 34,024 लाभार्थियों ने आवेदन करने का प्रयास भी नहीं किया है। इसी तरह 41,816 लाभार्थियों ने अभी तक अपना आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा नहीं किया है और 8,914 लाभार्थियों ने अभी तक अपना केवाईसी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।
4 लाडवा 4: पत्रकारों से बातचीत कर जानकारी देते लाडवा एसडीएम पंकज सेतिया।

### पालतू रोटवीलर का युवती पर हमला, मालिक ने दिखाए तेवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक लडकी पर खतरनाक रोटवीलर नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया। लडकी रेलवे स्टेशन से अपने घर की तरफ आ रही थी। हमले के वक्त कुत्ते को उसका मालिक घुमाने निकला था और उसने रस्सी ढीली छोड़ रखी थी। अचानक कुत्ता लडकी पर झपटा और उसकी चुन्नी पकड़ ली। इसके बाद लडकी के बाजू और टांग में काट लिया।
अचानक हुए इस हमले से लडकी बुरी तरह सहम गई। जब उसने आपत्ति जताई, तो कुत्ते का मालिक उल्टा तेवर दिखाने लगा। इसी बीच शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस को फोन किया। पुलिस बुलाने की बात पर कुत्ते का मालिक चिल्लाते हुए बोला-मेरा घर यहीं है, वहीं लेकर आ जाना पुलिस।
इसके बाद पुलिस की ईआरवी टीम मौके पर पहुंची और युवती को अस्पताल ले जाकर उसका इलाज कराया। उधर, इस घटना पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताया। उनका कहना था कि रोटवीलर जैसे खतरनाक नस्ल के कुत्तों को बिना सुरक्षा और कंट्रोल के सार्वजनिक सडकों पर यूं घुमाना गलत है।
मामला घरौंडा क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली शिल्पी ने बताया कि वह सोमवार देर शाम को रेलवे रोड पर फल लेने जा रही थी। तभी एक युवक अपने रोटवीलर नस्ल के पालतू कुत्ते को टहला रहा था। आरोप है कि युवक ने कुत्ते पर कंट्रोल नहीं रखा और रस्सी ढीली छोड़ दी। कुत्ते ने अचानक उसकी चुन्नी पकडकर खींच ली। उसकी बाजू से काट लिया और फिर टांग में भी घाव कर दिया। इससे वह दर्द से चीख पड़ी और वहां मौजूद लोग उसकी मदद के लिए दौड़े। शिल्पी ने बताया कि वह घबराई हुई थी, लेकिन कुत्ते का मालिक सहानुभूति दिखाने की बजाय उसी को गलत ठहराने लगा। बताया कि युवक लगातार ऊंची आवाज में बात कर रहा था। वह बार-बार चिल्ला रहा था कि भीड़ क्यों इकी कर ली। लोगों ने जब उसे समझाने की कोशिश की और बदतमीजी पर टोका तो युवक बोला-शर्म तो तुम्हारी सारी निकल जाएगी।

# आत्मसुधार से जगत सुधार का दिव्य संदेश देते हुए निरंकारी संत समागम का समापन

**संत समागम**

**परमात्मा के बनाएं खूबसूरत जगत का विवेकपूर्ण सदुपयोग करें :सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज**




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा, 4 नवम्बर (संजय नरवाल)** निराकार परमात्मा ने जो यह जगत बनाया है उसकी हर चीज अत्यंत खूबसूरत है। मनुष्य इस रचना का अवश्य ही आनंद प्राप्त करे, पर अपनी विवेक बुद्धि को जागृत रखते हुए इसका सदुपयोग करे, दुरुपयोग न करे ।ल्लल्ल यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित विशाल मानव परिवार को अपने पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए।
आत्ममंथन की दिव्य शिक्षाओं से अपना जीवन संवारते हुए खुद का कल्याण करने के साथ-साथ जगत कल्याण की दिशा में अग्रसर होने का दिव्य संदेश देते इस पवित्र समागम का कल रात प्रेमाभक्ति के गरिमामय वातावरण में समापन हुआ और समागम में पधारे श्रद्धालु धीरे-धीरे अपने गन्तव्य स्थानों की ओर बढ़ने लगे।
सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि मन को परेशान करने वाले अनेक कारण और विचार आते रहते हैं, पर उनकी अनदेखी करने की कला हमें आत्ममंथन से ही प्राप्त होती है। ऐसा करने से जीवन की कठिन घड़ियों को सीमित करके हम तनाव से मुक्त रह सकते हैं। हर वस्तु का उपयोग करते वक्त ईश्वर का अहसास मन में रहता है, हर कर्म करते समय निरंकार दातार को उसमें शामिल किया जाता है तो मन की उथल-पुथल समाप्त हो जाती है और शांति व सुकून की अनुभूति होती है। इससे मानसिक, भावनात्मक एवं आत्मिक विकास होता चला जाता है। गुरु की सिखलाई के अंतर्गत रहते हुए यह भीतर की यात्रा हमें आत्मिक ऊर्जा से भरपूर करती है।
सतगुरु माता जी ने दृष्टिकोण के प्रभाव को एक उदाहरण द्वारा समझाते हुए कहा कि एक मनुष्य किसी बगीचे में फूल को देखने के बाद भी यही कहता है कि यहां तो कितने सारे काटें हैं। वहीं पर दूसरा मनुष्य उसी बगीचे में जाकर कहता है कि अरे वाह! यहां तो इतने सुंदर फूल हैं, इतनी खुशबू, इतनी कोमलता है; कांटे भी हैं पर वे भी इन फूलों की रक्षा के लिए कितने जरूरी है।

## खरखौदा 2 गांवों की जमीन पर बन रहे अवैध निमार्णों को किया गया ध्वस्त : नीलम शर्मा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से मंगलवार को जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निमार्णों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निदेर्शानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसएमडीए की टीम ने गांव जटौला की राजस्व संपदा में दो एकड़ कच्चे रास्ते व एक प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस तथा गांव सोहटी की राजस्व संपदा में साढ़े 7 एकड़ रिहायशी कालोनी में 4 एकड़ में बने इंटरलॉक टाइलों से बने रास्ते, 350 गज में बने लेबर क्वार्टर, 4 डीपीसी तथा एक बाउंडरी वॉल को ध्वस्त किया गया। एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनी/निर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेंत्र अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक संबंधित जानकारी के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय, चौथा तल, काराधान विभाग, सेक्टर-12, सोनीपत में सम्पर्क कर सकता है। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट पंचायती विभाग के एसडीओ अमित कुमार तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।

### जेल लोक अदालत में 6 मुकदमों का हुआ निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने मंगलवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। जेल लोक अदालत में सीजेएम के समक्ष रखे गए सभी 6 मुकदमों निपटारा किया गया, जिनमें 8 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।

## नशामुक्ति केंद्र पंचकूला का औचक निरीक्षण, कई खामियाँ उजागर

**निरीक्षण**

**महिला वार्ड में पुरुष की मौजूदगी ने मरीजों की निजता और सुरक्षा को लेकर प्रश्न खड़े किए**



दिनांक 4 नवंबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे सुश्री अपर्णा भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) पंचकूला ने सरकारी अस्पताल सेक्टर-6 स्थित नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निदेर्शों के तहत किया गया।
निरीक्षण के दौरान केंद्र की साफ-सफाई और रखरखाव में गंभीर लापरवाही पाई गई। सीढ़ियाँ और वार्ड अस्वच्छ थे, मरीजों के पास नुकीली धातु की छड़ें मिलीं, तथा शौचालय और वॉशबेसिन गंदे पाए गए। महिला वार्ड में एक पुरुष की मौजूदगी ने मरीजों की निजता और सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े किए।
केंद्र में 24 मरीज भर्ती थे, जिनसे सुश्री भारद्वाज ने बातचीत की। मरीजों ने सफाई और कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायतें साझा कीं। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि पिछले माह दो मरीज फरार हुए थे। अस्पताल कर्मचारियों से पूछताछ पर उन्होंने फरार मरीजों की रिपोर्ट संबंधी जानकारी दी। सुश्री भारद्वाज ने अधिकारियों के उदासीन रवैये पर नाराजगी जताई और तत्काल सफाई, सुरक्षा और पर्यवेक्षण सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुरुष और महिला वार्ड का पृथक्करण सख्ती से सुनिश्चित किया जाए तथा सभी सुधारात्मक कदमों की रिपोर्ट शीघ्र डीएलएसए पंचकूला को भेजी जाए।
उन्होंने दोहराया कि ऐसे निरीक्षणों का उद्देश्य नशा मुक्ति केंद्रों में पारदर्शिता, जवाबदेही और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करना है ताकि मरीजों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिल सके।

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग दंपत्ति से हड़पे 15 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर की मान कॉलोनी में एक बुजुर्ग दंपती को साइबर ठगों ने फर्जी पुलिस बनकर 15 लाख रुपए ठग लिए। ठगों ने वॉट्सऐप कॉल पर खुद को दिल्ली का सीनियर अफसर बताया और कहा कि आधार कार्ड से 22 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। फर्जी एफआईआर की कॉपी दिखाई और बच्चों को नुकसान की धमकी दी। एक तरह से बुजुर्ग दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर लिया।
तीन दिन तक वर्चुअल कोर्ट चलाई और 20 लाख की मांग की। डर के मारे दंपती ने पत्नी के खाते से 15 लाख ट्रांसफर कर दिए। जब बच्चों को पता चलाए तो साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की और थाने पहुंच गए। साइबर क्राइम ब्रांच ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।
तीन दिन पहले दोपहर करीब 1 बजे जिले सिंह के मोबाइल पर कॉल आई। सामने वाला बोला कि वह विनोद कुमार है और टेलीकॉम विभाग दिल्ली में सीनियर पब्लिक ऑफिसर है। उसने कहा कि जिले सिंह के आधार से एक्सिस बैंक में फर्जी खाता खुला है और 22 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। 8 एफआईआर दर्ज हैं, कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है।

## नई अनाज मंडी में फर्जी गेट पास और करोड़ों रुपए के धान घोटाले में एक और खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की नई अनाज मंडी में फर्जी गेट पास और करोड़ों रुपए के धान घोटाले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। मार्केटिंग बोर्ड के जिला अधिकारी ईश्वर सिंह राणा की शिकायत पर मंडी कमेटी करनाल की सचिव आशा रानी और उसके तीन सहयोगियों राजेंद्र, अमित और अजय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में आरोप है कि सचिव आशा रानी ने गेट पास जारी करने की जिम्मेदारी निजी



लोगों को दे दी थी। जांच में सामने आया कि कई गेट पास करनाल मंडी क्षेत्र के बाहर के मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी हुए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।
अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश पर डीएमईओ ने जब मंडी में गेट पासों की जांच करवाई, तो चौंकाने वाला सच सामने आया। कई गेट पास ऐसे मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी हुए मंडी क्षेत्र के नहीं थे। जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि मंडी सचिव ने निजी लोगों को पास जारी करने का अधिकार सौंप दिया था, जिससे सरकारी सिस्टम में घोटाला आसान हो गया।
इन मोबाइल नंबरों से जुड़ी गड़बड़ी-राजेंद्र कुमार (गांव बुधन पुर वीरान, इंद्री) 7056245783] अमित कुमार (गांव जुंडला, दादूपुर रोरन) 8950919399, अजय कुमार (गांव खेड़ीनरू)-9992064187. इन्हीं नंबरों से फर्जी गेट पास जारी होने का मामला दर्ज किया गया है।
वहीं अब साइबर सेल इंचार्ज ने मंडी के सभी गेट पासों की डिजिटल जांच की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घोटाले में मंडी कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों की मिलीभगत की आशंका है। अब पूरा डेटा साइबर सेल के हवाले कर दिया गया है।
इससे पहले भी करनाल, घरौंडा, जुंडला, निसिंग और तरावड़ी मंडियों में सरकारी धान में फर्जीवाड़े के मामले सामने आ चुके हैं। राइस मिल बतान फूड्स सलारू के संचालक सतीश कुमार, तरावड़ी मार्केट कमेटी के सचिव संजीव, तरावड़ी मंडी के निरीक्षक रामफल, घरौंडा के निरीक्षक यशवीर, जुंडला के निरीक्षक संदीप, करनाल के निरीक्षक समीर और निसिंग के निरीक्षक लोकेश पर सरकारी धान को खुर्दबुर्द करने का केस दर्ज हो चुका है।

## जिला युवा महोत्सव 2025 संपन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि सेक्टर-14 के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव 2025 का आज समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विकसित भारत-युवा भारत थीम के तहत किया गया था। महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में प्रतिभा, रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि




के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि भारत का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और ऐसे आयोजन उन्हें समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं।
उन्होंने बताया कि महोत्सव में जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर संगीत, नृत्य, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकला आदि विधाओं में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन सत्र में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### पिंजौर के वार्ड नंबर 20 में कूड़े के ढेर, डोर-टू-डोर गार्बेज व्यवस्था ठप

**पिंजौर** के वार्ड नंबर 20 मॉडल टाउन क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद कालका की ओर से डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन योजना शुरू की गई है, लेकिन इसके बावजूद भी शहर और वार्डों में सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद कालका में कुल 31 वार्ड हैं, जबकि सफाई के लिए मात्र 28 गाड़ियां ही उपलब्ध हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई वार्डों में एक भी गाड़ी नहीं आती, जिससे गार्बेज उठाने का काम प्रभावित हो रहा है।

## एआइ से पढ़ेंगे बच्चे, आतंकी हमले को रोकेगा सुरक्षा व्यूह

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा** - 4 नवंबर (संजय नरवाल) एआइ से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। एआइ ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहिए। इसी तरह एआइ के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है। ये प्रोजेक्ट यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए। सौ से अधिक स्कूलों ने इसमें भाग लिया। स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, इ सॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ.गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया।




पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे। अमेरिका और चीन अगर सबसे आगे हैं तो इसकी वजह इनोवेशन है। आने वाला समय भारत का है। भारतीय युवा अपनी प्रतिभा से दुनिया को चकित कर रहे हैं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे। बच्चे सबसे बेहतर रचनात्मक तरीके से सोच सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी एवं स्टार्टअप सेल की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने बताया कि लगातार चौथे साल स्पर्धा आइडियाथॉन किया गया है। देशभर के बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया।
*एआइ पहचानेगा प्रतिभा*
सोनीपत डीएवी मल्टीपर्पस स्कूल की टीम ने पहला इनाम जीता। हिमांक और शुभम ने एआइ आधारित ऐसा प्रोजेक्ट बनाया है, जिससे बच्चे की प्रतिभा का पता चलेगा।
इसके बाद उसे अनुरूप शिक्षा दी जाएगी। इसी तरह इसी स्कूल के बच्चों ने आंवले के पौधे में होने वाले रोग के इलाज के तरीके बताए। एआइ से पौधे को ठीक किया जा सकता है। फोटो देखकर ही रोग, कारण और इलाज का पता चल जाएगा।

## भारतीय किसान सभा किसानों की मांगों को लेकर 26 को कैथल व चीका में करेगी प्रदर्शन

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां अखिल भारतीय किसान सभा तहसील गुहला की एक बैठक कामरेड करतार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसका संचालन जिला सचिव सतपाल आनंद ने किया। बैठक में 26 नवम्बर को कैथल व गुहला में किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों व गुहला क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवों की ताजा हालत पर चर्चा की गई। बैठक की जानकारी देते हुए खेत मजदूर यूनियन जिला प्रधान सत्यवान ने बताया कि गुहला हल्का में भयंकर बाढ़ से हजारों एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गई है नतीजतन वे मांग करते हैं कि सरकार सभी बाढ़ ग्रस्त गांवों की जल्द से जल्द गिरदावरी



करवाकर प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, ताकि किसान आगे अपनी आजीविका चला सकें। उन्होंने कहा कि सारे देश में किसानों की हालत बहुत ही दयनीय हो चुकी है और इस सब के लिए केंद्र व राज्य सरकारों की जन विरोधी नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने हा कि खेती में लागत खर्च बढ? से खेती घाटे का धंधा बन गया है। किसानों को उनकी फसलों के लाभकारी दाम नहीं मिल रहे हैं, जिससे किसान कर्ज के जाल में फंस कर आत्महत्या करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर का एक बड़ी कन्वेंशन से पहले तीनों संगठनों की एक जिला स्तरीय कन्वेंशन 8 नवम्बर को कैथल में होगी। मीटिंग में अमृत लाल, जीवा नन्द कौशिक, सतपाल सिंह सुजान सिंह, धर्मपाल भूना, कुलवंत सिंह, खुशपाल सिंह, जरनैल सिंह जसवंती, रमेश फर्श माजरा, जसपाल सिंह, रामपाल, मलकीत सिंह, नौरंग सिंह आदि भी मौजूद रहे।
किसानों संगठनों की ये हैं मांगें:
व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता नहीं चाहिए। अमेरिका द्वारा थोपे गए 50 प्रतिशत टेरिफ का विरोध। इंग्लैंड से तैयार होने वाले खाद्य सामग्री, डेयरी उत्पाद, सब्जियों और फल आयात का विरोध। कृषि मार्केटिंग की राष्ट्रीय नीति व राष्ट्रीय सहकारी नीति का नहीं चाहिए मसौदा। लागत से डेढ़ गुना सी जमा 50 प्रतिशत फामूर्ले पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। किसानों का पूरा कर्ज समाप्त किया जाए। किसान और कृषि श्रमिक परिवारों को बिना ब्याज कर्ज दिया जाए। बिजली के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्कीम बंद हो। ग्रामीण क्षेत्रों में 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाए और बिजली के बढ़ाए गए रेट वापिस लिए जाएं। हरियाणा सरकार की लैंड पूलिंग नीति को रद्द किया जाए और 2013 का एल. ए. आर. आर. अधिनियम सख्ती से लागू हो। सभी सरकारी पेंशन दस हजार रुपए महीना प्रति लाभार्थी को दी जाए। पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाने की सरकारी नीति रद्द हो। वन अधिकार अधिनियम 2006 को इसकी मूल भावना में लागू किया जाए।

## दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव 2025 का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल** : दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव 2025 का आज रेस्ट हाउस सेक्टर-1, पंचकूला के ऑडिटोरियम में समापन समारोह हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंचकूला के एस. डी. एम. श्री चंद्रकात कटारिया ने शिरकत की।
चंद्रकात कटारिया ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रथम, ?द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य की तरफ लगातार प्रगतिशील होने का संदेश दिया



उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र-छात्रा लगातार अपने लक्ष्य की तरफ चाहे धीमे-धीमे ही चलता रहता है तो सफलता एक दिन अवश्य ही उसके कदम चूमती है। छात्र-छात्राओं को उन्होंने विशेष रूप से नशे और बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और जीवन में हमेशा अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरणा दी।
दो दिन तक चले इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में तथा दर्शको में हरियाणा प्रदेश की सस्कृति को प्रदर्शित करते हुए एक बहुत ही बेहतरीन समा बांधा। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी सीधे अब राज्य स्तर पर होने वाले युवा महोत्सव की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### घिलौर में पराली की गांठो में आग लगाने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज

**रादौर, 4 नवंबर (कुलदीप सैनी)** : उपमंडल के गांव घिलौर में पराली की गांठ बनाने वाले व्यक्ति द्वारा स्टाक की गई पराली की गांठो में आग लग गई। जिससे वहां स्टाक की गई करीब 14 हजार क्विंटल पराली का गांठे व वहां बनाई गई झोपड़ी भी जलकर राख हो गई। आरोप है कि जानबूझकर रंजिश के तहत आग लगाई गई है। जिस पर पुलिस ने शिकायत पर आरोपित प्राणनाथ के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सद्दाम हुसैन निवासी मानकपुर, सहारनपुर ने बताया कि वह बेलर से पराली की गांठे बनाने का कार्य करता है। उसके पराली की गांठे स्टाक करने के लिए गांव घिलौर में पंचायत से जमीन ठेके पर ली हुई है। जिसकी रसीद भी उसके पास मौजूद है। जब वह अपना माल वहां पर स्टाक कर रहा था तो प्राणनाथ उसे मिला और कहा कि यह जमीन उसकी है। अगर उसे यहां पर अपनी पराली की गांठो का स्टॉक रखना है तो 30 हजार रूपए देने होगें। जब मैने उसे बताया कि उसने इस जमीन को पंचायत से लिया हुआ है और उसकी रशीद भी उसके पास है। लेकिन उसने उसकी एक न सुनी और मेरे को धमकियां देनी शुरू कर दी। उसने धमकी देते हुए कहा कि अगर तुमने मुझे पैसे नहीं दिए तो वह इस पराली की गांठो में आग लगा देगा। इस दौरान उसे ढोलू राम उसे मिला और उसने कहा कि मैं तुम्हारा फैसला करवा सकता है। जिसके लिए उसे 30 हजार रुपए देने होगें। लेकिन मैंने मना कर दिया। जिसके बाद रात के समय मेरी पराली की गांठो में आग लगा दी गई। किसी को शक न हो इसलिए प्राणनाथ ने खुद रात्रि करीब एक बजे फोन कर फायर बिग्रेड की गाड़ी को मौके पर बुलाया। जबकि तब तक सारी गांठे, झोपड़ी व अन्य सामान जलकर राख हो गया था। इससे उसे लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है। यह आग प्राणनाथ व ढोलूराम ने आपसी मिलीभगत से रंजिश के तहत लगाई है।

### मून स्टार प्री–स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गुरु पर्व



**रादौर, 4 नवंबर (कुलदीप सैनी)** : मून स्टार प्री–स्कूल में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों को गुरुद्वारा साहिब ले जाया गया, जहां उन्होंने अरदास में भाग लिया और मूल मंत्र का जाप किया। बच्चों को गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं कीरत करो, नाम जपो और वंड छको के बारे में बताया गया। उन्हें समानता और भेदभाव मिटाने के संदेश से भी अवगत कराया गया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर और कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने मानवता के कल्याण हेतु पंगत और लंगर की परंपरा की शुरूआत की थी। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गुरु पर्व का संदेश अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# गुरु नानक जयंती पर डी.ए.वी. स्कूल में भक्ति, प्रसन्नता से ओतप्रोत आयोजन

## गुरु–वाणी, अरदास और लंगर ने बाँधा श्रद्धा और समरसता का अनुपम संगम

**उल्लास**

प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी में प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर गुरु-वाणी, भजन और नाम-स्मरण से गुंजायमान रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने इस पावन अवसर पर अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि–ह्लगुरु नानक देव जी का जीवन सच्चाई, करुणा और सेवा की मूर्ति है। उनके संदेश आज भी मानवता के पथ को आलोकित करते हैं। हमें अपने कर्म और आचरण से उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने का प्रयत्न करना चाहिए.ह्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ह्लएक ओंकार सतनामह्व का संगीतमय उच्चारण करते हुए पूरे विद्यालय प्रांगण को भक्ति-भाव से सराबोर कर दिया। तत्पश्चात जपजी साहिब के पाठ ने वातावरण को दिव्यता और शांति से भर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार एम. एम. सिंह जी, जो अंबाला के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं और विद्यालय के पूर्व छात्र के अभिभावक हैं, ने अपने संबोधन में कहा– ह्लगुरु नानक देव जी का जीवन प्रेरणा-पुंज है, जो मानवता, समानता और सेवा का मार्ग दिखाता है। सच्ची भक्ति कर्म और करुणा में निहित है.ह्व विशिष्ट अतिथि सरदार बलजीत सिंह जी, जो हरियाणा के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक आयोजक एवं भांगड़ा विशेषज्ञ हैं, ने अपने उद्बोधन में कहा– ह्लगुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ आज भी हमारे जीवन को प्रकाशमान करती हैं। वे बताते हैं कि प्रेम, नम्रता और सेवा ही सच्चे इंसान की पहचान है.ह्व कक्षा 6 के अतिंद्र के एकल शबद गायन और कक्षा 4 व 6-7 के विद्यार्थियों के समूह गायन ह्लसबना अंदर इकु दाता, सो मै विसरि न जाईह्व ने सभा में अद्भुत आध्यात्मिक स्पंदन भर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने आनंद साहिब का पाठ किया। तत्पश्चात मैडम गुरप्रीत कौर ने श्रद्धा और समर्पण से अरदास की। अरदास के उपरांत पूरे विद्यालय परिवार के लिए लंगर की सुंदर व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर प्रेमपूर्वक हलवा, छोले और पुरी का प्रसाद ग्रहण किया। पूरा परिसर ह्लवंड छको झ बाँटकर खाओ, सबको साथ लेकर चलोह्व की भावना से ओतप्रोत था।

भक्ति-रस में डूबे वातावरण में सभी ने ह्लसतनाम श्री वाहेगुरुह्व का उच्चारण कर गुरु जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षकों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

# जलभराव से लोगों को परेशानी, मिला समाधान



**परेशानी**

गंदे पानी की निकासी न होने के कारण लोगों और श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)** शनि मंदिर के नजदीक जलभराव और गंदे पानी की निकासी न होने के कारण स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर के आसपास जमा पानी से राहगीरों को गुजरना मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। गंदा पानी लंबे समय तक जमा रहने से दुर्गंध और मच्छरों की समस्या भी बढ़ रही है।

इस संबंध में नगर पालिका के सचिव बम्बूल मलिक ने बताया कि जलभराव की समस्या के समाधान के लिए टेंडर प्रक्रिया आज पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर स्थायी समाधान कर दिया जाएगा। फिलहाल अस्थायी रूप से पानी निकासी की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि मंदिर क्षेत्र में जल्द से जल्द जलभराव की समस्या को समाप्त किया जाए।

# शराब पीकर वाहन चलाया तो खैर नहीं, अक्टूबर में 338 चालक धरे

**पलवल।** ट्रैफिक अनुशासन को बनाए रखने और सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पलवल पुलिस ने अक्टूबर माह के दौरान यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, आईपीएस के निदेशानुसार यह विशेष अभियान पूरे जिले में चलाया गया, जिसके तहत शराब पीकर वाहन चलाने, बुलेट पर पटाखे छोड़ने और ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिला पुलिस के अनुसार, अक्टूबर 2025 में कुल दस हजार 920 वाहनों के चालान किए गए और 146 वाहन इंपाउंड किए गए। पुलिस ने इस दौरान दो करोड़ बीस लाख नौ हजार 800 रुपये का जुमार्ना वसूला। इस कार्रवाई से जहां ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है, वहीं नियमों की अनदेखी करने वालों के लिए यह सख्त चेतावनी साबित हुई है कि कानून से कोई भी ऊपर नहीं है। इसके अलावा गलत लाइन चलने पर 5,438, ट्रिपल राइडिंग में 1,840, गलत पार्किंग पर 541, बुलेट पर पटाखा लगाने वाले 13, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के 149, ओवर स्पीड पर 662, बिना नंबर प्लेट के 524 और बिना हेलमेट चलाने वालों के 1,345 चालान किए गए।

# आदेश में श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व



**शादबाद आदेश (प्रदीप कुमार)** आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मोहड़ी में सिखों के प्रथम गुरु धन-धन श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान आदेश परिसर गुरबाणी के वातावरण से गूंज उठा। आदेश के प्रबंध निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने बताया कि गुरु पर्व के उपलक्ष्य में 2 नवंबर को मेडिकल कॉलेज कांप्लेक्स में श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया गया था, जिसका भोग 4 नवंबर को सुबह बड़ी श्रद्धा के साथ डाला गया। भोग उपरांत मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में कीर्तन दरबार सजाए गये। जिसमें प्रसिद्ध रागी भाई जोगिन्द्र सिंह रियार (लुधियाना) वालों ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रेरित किया। पूरे पंडाल में वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतह के जयकारे गूंज उठे। इस दौरान हजारों की संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राओं, स्टाफ सदस्यों और संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाया और अरदास कर गुरू घर की कृपा प्राप्त की। इस अवसर पर आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, आदेश ग्रुप की महासचिव कमलदीप कौर, आदेश ग्रुप के प्रबंध निदेशक गुर फतेह सिंह गिल, आदेश यूनिवर्सिटी भठिंडा के प्रबंध निदेशक डा. गुरप्रीत सिंह गिल, आदेश मेडिकल कॉलेज मोहड़ी के प्रबंध निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने संगत को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस दौरान डा. एच.एस. गिल ने मेडिकल स्टूडेंटस को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का मार्ग केवल मेहनत और सेवा भाव से ही बनता है। चिकित्सा एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। आदेश परिवार को चाहिए कि हर मरीज की देखभाल को ईश्वर सेवा समझकर करें। तत्श्चात लंगर सेवा में सभी ने श्रद्धा के साथ लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

**प्रकाश पर्व**

श्रीगुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आदेश में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

श्रीगुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आदेश में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

# भारत को आगे ले जाने की युवाओं पर है जिम्मेदारीः प्रो.

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत को आगे ले जाने की युवाओं पर जिम्मेदारी है। ये योगासन खेल प्रतियोगिता है और योग का अर्थ जोड़ना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा विश्वविद्यालय खेल मैदान के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित 27वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 के तहत योगासन खेल में बोल रहे थे। इस आयोजन की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने की।

डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि 13 वर्षों के बाद हरियाणा राज्य खेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी थीम माटी से मैडल तक है। हरियाणा ओलंपिक खेलों में योगासन को पहली बार एक खेल के रूप में शामिल किया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज से प्रेरित होकर योगासन के लिए भारत के ओलंपिक विजन की दिशा में एक मील का पत्थर है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बेनीवाल ने योगासन खेल के लिए किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद किया। प्रतियोगिता डायरेक्टर डॉ. कोमल कौशिक ने कहा कि इस

**जागरूकता**

आयुष विवि का कौमारभृत्य और प्रसूति विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे

# गीता विद्यालय कुरुक्षेत्र में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व का श्रद्धापूर्ण किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : आज श्रीमद्भगवद्गीता विद्यालय कुरुक्षेत्र में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 9 के छात्र सिमरत द्वारा गुरु नानक देव जी की जीवनी प्रस्तुत करने से हुई। इसके पश्चात विद्यालय की आचार्य परविंदर कौर ने शबद कीर्तन और जपजी साहिब का पाठ किया। समरित और हरदीप ने मूल मंत्र का अर्थ सहित सुंदर प्रस्तुतीकरण किया, जबकि कक्षा 8 के छात्र अमरिंदर ने ह्लकि गल करां गुरु नानक बारेह्व शीर्षक से कविता सुनाई। प्रधानाचार्य अनिल मदन ने अपने प्रेरणादायक भाषण में गुरु नानक देव जी के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कुनिक और अनमोल (कक्षा 9) के छात्र ने किया। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों में सेवा, नम्रता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा जगाई गई।

### 36वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता 10 नवंबर से कुरुक्षेत्र में होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** भारतीय डाक विभाग के सहायक निदेशक प्रवीण अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा 10 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक मल्टी पर्पल हॉल कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में 36वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता में कई टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर को हरियाणा परिमंडल अंबाला के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर मीडिया से ढांड रोड स्थित एक होटल में जानकारी सांझा करेंगे।

# ईशा, खुशबू, सरजीत सिंह ने सुनो कहानी में पाया पहला स्थान

**इंद्री (मैनपाल कश्यप)**



खंड शिक्षा कार्यालय के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी के मार्गदर्शन में नौवें गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन व सुनो कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न स्कूलों के कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। नोडल अधिकारी के रूप में प्रधानाचार्या वीना गुप्ता व हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में विभिन्न भाषाओं की प्रतियोगिताओं में हिन्दी प्राध्यापक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, प्रवेश कुमार, अंग्रेजी प्राध्यापक राजेश सैनी व सूबे सिंह, पंजाबी प्राध्यापिका स्वर्णजीत शर्मा व अमनदीप कौर तथा संस्कृत प्राध्यापक सुशील कुमार ने भूमिका निभाई।

कहानी वाचन प्रतियोगिता में हिन्दी भाषा की प्रतियोगिता में भौजी खालसा के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा इशा, अंग्रेजी में खेड़ीमान सिंह स्कूल की खुशबू, पंजाबी में खानपुर के 11वीं कॉमर्स के विद्यार्थी सरजीत सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता के हिन्दी भाषा में नगला रोड़ान स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा रोनक ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी में भादसों स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा तनिशा, पंजाबी में खेड़ीमान सिंह स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा नैंसी और संस्कृत में राजकीय कन्या स्कूल इन्द्री की 11वीं कॉमर्स की छात्रा तमन्ना ने पहला स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं में गुरु तेग बहादुर के जीवन व विचारों पर विस्तार से चर्चा की।

खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया और कहा कि विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को सीखने का मौका मिलता है।

**निबंध लेखन**

350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन व सुनो कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# हरियाणा की महत्वपूर्ण बैठक ढांड रोड कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा हरियाणा की महत्वपूर्ण बैठक ढांड रोड कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राज्य प्रधान चमन लाल पांचाल ने की एवं मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव अजय पांचाल उपस्थित रहे। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए चमन लाल पांचाल ने बताया कि यह बैठक कार्यकारिणी को विस्तार देने के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में जिला कुरुक्षेत्र के प्रधान वेद रतन पांचाल को राज्य कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है एवं उनके स्थान पर हरिराम पांचाल को कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त बलवीर दांगी कोषाध्यक्ष जिला करनाल, भीम सिंह आर्य जिला प्रवक्ता एवं सलाहकार करनाल, को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अपने संबोधन में राष्ट्रीय महासचिव अजय पांचाल ने बताया कि अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा राष्ट्रीय स्तर पर पांचाल बन्धुओं की सबसे बड़ी संस्था है,जिसे स्वर्गीय श्री वेदप्रकाश पांचाल दिल्ली ने कड़ी मेहनत कर-के राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है। इसमें हर राज्य के पांचाल बंधु शामिल है। राज्यों में जिला एवं खंड स्तर पर कार्यकारिणी जल्द से जल्द गठित करने के सभी राज्य एवं जिला अध्यक्षों को सुझाव दिए .इस अवसर पर हरियाणा के महासचिव गुलाब पांचाल ने बताया कि कोई भी संगठन बिना एकता एवं सामूहिक प्रयास के उन्नति नहीं कर सकता उन्होंने कहा कि हर बंधु को समाज के उत्थान के लिए जोड़ना होगा और मजबूती के प्रयास करने होंगे।

इस अवसर पर सभी उपस्थित पांचाल बन्धुओं को स्मृति चिन्ह व पटका देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र विश्वकर्मा दिल्ली,नवीन पांचाल प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली,अरविंद कुमार, भोपाल सिंह,राजकुमार डांगी, वेदप्रकाश ढांड पूर्व प्रधान,कृष्ण चंद पांचाल केन्दीय कार्यकारी सदस्य,बचना राम पाई राज्य सरंक्षक, सतीश पांचाल पानीपत,हरिराम पांचाल,मदन लाल,रामपाल पांचाल , खजान सिंह, एडवोकेट बृजेश पांचाल दिल्ली,धर्मबीर पांचाल के अतिरिक्त अन्य जिलों से सदस्य उपस्थित रहे।

**बैठक**

भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा राष्ट्रीय स्तर पर पांचाल बन्धुओं की सबसे बड़ी संस्था है

# जगत गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : जगत गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व किड्स प्लेनेट, प्रेम पब्लिक एवं लिटिल मिलेनियम सेक्टर-3 में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। आज समाज के प्रसिद्ध कीर्तनिये भाई गुरजोत सिंह शाहबाद (मारकंडा) वालों ने गुरबानी शब्द कीर्तन किया, जिनकी मधुर वाणी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय परिसर में नगर पार्षद श्री दुश्यंत बक्शी जी (टउ वॉर्ड-13, सेक्टर-3), सेक्टर-3 की आरडब्ल्यूए अध्यक्ष श्रीमती रिंकू सैनी, पूर्व सरपंच १३' सरदार सुरजीत सिंह, सरदार जसविंदर सिंह (प्रधान गुरुद्वारा साहिब रतगल , सेक्टर-7) एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इसके उपरांत बच्चों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर कविता की सुंदर प्रस्तुति दी।

बीबी दलजीत कौर एवं हर्षदीप सिंह ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया।भाई गुलजार सिंह जी ने आनंद साहिब का पाठ किया तथा संसार की सुख-शांति, समृद्धि एवं संपन्नता के लिए सभी विद्यार्थियों, स्टाफ एवं अन्य उपस्थित जनों ने मिलकर ह्लसरबत के भलेह्व की अरदास की। इसके उपरांत कड़ाह प्रसाद एवं लंगर का वितरण किया गया। विद्यार्थी आरव, विराज, मननत, लवलीन एवं जागृत को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता होने पर अतिथियों द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# धान घोटाला राजनीतिक संरक्षण में हुआ, मुख्य गुनहगारों को पकड़े सरकार : रतनमान

**बड़ा बयान**

- भाकियू ने की घोटाले में शामिल मुख्य गुनहगारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने आज करनाल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने हाल ही में सामने आए करोड़ों रुपये के धान घोटाले को लेकर सरकार की आलोचना की और कहा कि यह घोटाला पूरी तरह से राजनीतिक संरक्षण में हुआ है।
रतनमान ने इस घोटाले में शामिल मुख्य गुनहगारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर सरकार असली अपराधियों को गिरफ्तार करने में विफल रही तो भाकियू इस मामले में जन आंदोलनों का रुख अपनाएगी। इस मामले को लेकर भाकियू की मीटिंग सर छोटूराम किसान भवन में हुई।
रतनमान ने कहा कि यह घोटाला किसी एक व्यक्ति या कर्मचारियों की गलती नहीं है, बल्कि यह एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है, जिसमें भाजपा के कुछ नेताओं का संलिप्तता स्पष्ट है। यह घोटाला राजनीति के संरक्षण में हुआ है और सरकार की नाकामी के कारण असली गुनहगार अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। इस घोटाले में शामिल आढ़ती, फर्जी किसान और ट्रांसपोर्ट वाले जो शामिल है उन्हें भी जांच में शामिल किया जाए, ताकि ताकि मामले की सच्चाई पूरी तरह से सामने आ सके और जांच पारदर्शी ढंग से हो।
प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने हाल ही में कर्मचारियों पर दर्ज एफआईआर पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार केवल मामूली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जबकि असली गुनहगार बड़े राजनीतिक चेहरे हैं। यह केवल मामले को दबाने और दिखावे का प्रयास हैए ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। सरकार को चाहिए कि वह असली गुनहगारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस घोटाले में भाजपा नेताओं की मिलीभगत साफ तौर पर नजर आ रही हैए लेकिन सरकार उनकी रक्षा करने की कोशिश कर रही है। रतनमान ने आरोप लगाया कि जब तक सरकार भाजपा नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करती, तब तक यह घोटाला एक सामान्य कर्मचारी स्तर पर ही अटका रहेगा।

# संविधान निर्माता ब्राह्मण शिरोमणि बीएन राव की पुण्यतिथि पर हर ब्राह्मण करेगा नमन

**पुण्यतिथि**

- ब्राह्मण खाप की ओर से इस अवसर पर राज्यभर में श्रद्धांजलि सभाएँ आयोजित की जाएँगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि 30 नवम्बर को संविधान निमार्ता, न्यायविद् और ब्राह्मण समाज के गौरव, ब्राह्मण शिरोमणि बीएन राव की पुण्यतिथि पर पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।
अशोक शर्मा ने कहा कि बीएन राव का भारत के संविधान निर्माण में योगदान अमूल्य है। संविधान निमार्ता बीएन राव ने संविधान सभा को वैधानिक और बौद्धिक मार्गदर्शन दिया तथा भारतीय न्याय व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाई। वे न केवल एक प्रखर बुद्धिजीवी थे बल्कि सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित किया।
उन्होंने कहा कि ब्राह्मण शिरोमणि संविधान निमार्ता बीएएनए राव जैसे महापुरुषों ने दिखाया कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है। हर किसी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाजहित में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण खाप की ओर से इस अवसर पर राज्यभर में श्रद्धांजलि सभाएँ आयोजित की जाएँगी

## न्यूज फ्लैश

### जमीन सौदे में फर्जीवाड़ा और जान से मारने की धमकी का मामला, खिजरपुर अहीर निवासी ने पुलिस को दी शिकायत

**गन्नौर**। गांव खिजरपुर अहीर निवासी शमशेर सिंह ने थाना गन्नौर पुलिस में दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी निवासी तीन युवकों सहित एक महिला के खिलाफ जमीन का फजीर्वाड़ा करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में शमशेर ने बताया कि दिल्ली के पीतमपुरा निवासी नरेश, शकुंतला, बीर सिंह और जितेंद्र यादव पर फजीर्वाड़े और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में आरोप है कि आरोपी बीर सिंह ने वर्ष 2024 में गांव खिजरपुर अहीर स्थित लगभग 10 कनाल 5 मरले भूमि को अपनी पत्नी शकुंतला के नाम मालिकाना हक बताते हुए उन्हें बेचने का प्रस्ताव दिया था। सौदे के दौरान शमशेर सिंह ने आरोपी को 50 हजार रुपये बतौर अग्रिम राशि दी थी। इसके बाद 70 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और इकरारनामा 28 जून 2025 को नोटरी पब्लिक के समक्ष करवाया और रजिस्ट्री 15 अक्टूबर 2025 को होनी थी। लेकिन बाद में शमशेर सिंह को पता चला कि उक्त भूमि का स्वामित्व पहले ही 2010 में शकुंतला के पुत्र कुशल कुमार के नाम स्थानांतरित किया जा चुका है। शिकायत में आरोप है कि आरोपियों ने जानबूझकर साजिश रचकर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी की और शिकायत करने पर नीरज बवाना गैंग का नाम लेकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दी शिकायत में शमशेर ने पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा और आरोपियों पर उचित धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पुलिस द्वारा संबंधित दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी।

### कुत्तों की वेक्सीनेशन व नसबंदी के लिए नगरपालिका ने लगाया टेंडर

**गन्नौर**। शहर में शहर में कुत्तों के काटने की बढ़ती संख्या पर नगरपालिका ने कदम उठाया है। शहर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका की ओर से कुत्तों की नसबंदी का टेंडर जारी किया गया है। इसके साथ ही शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को रेबीज का भी इंजेक्शन लगाया जाएगा ताकि संक्रमण का खतरा कम हो सके। वहीं घायल कुत्तों का इलाज भी एजेंसी को करना होगा। 12 नवंबर को टेंडर खोला जाएगा। जिस एजेंसी को टेंडर मिलेगा उसके द्वारा यह अभियान जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा। नसबंदी और टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद कुत्तों को वापस उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। बता दें कि शहर इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से जूझ रहा है। शहर में दो तीन पहले ही अलग-अलग स्थानों पर 7 वर्षीय इजहाम, 10 वर्षीय विशाल और 17 वर्षीय यश पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल उपमंडल अस्पताल में लाए गए तो चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को खानपुर मेडिकल रेफर करना पड़ा।
-नगरपालिका में कई वर्षों बाद लगा टेंडरआवारा कुत्तों की संख्या पर रोक लगाने के लिए नगरपालिका द्वारा पिछले कई वर्षों से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए थे। स्थानीय लोग लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं और नगरपालिका से लगातार टेंडर लगाने की मांग करते आ रहे हैं। ऐसे में अब नगरपालिका द्वारा टेंडर लगाया गया है। टेंडर यदि एजेंसी को अलाट हुआ तो लोगों को कुत्तों के आतंक से राहत मिलेगी।

### नशा न करेंगे, न करने देंगे का संकल्प लें युवा - कुलपति

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में इंडियन रेडक्रॉस सोसयटी, हरियाणा के सहयोग से यूथ रेडक्रॉस व शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत विषय पर केंद्रित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन रेडक्रॉस सोसयटी, हरियाणा राज्य इकाई के महासचिव महेश जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता के रूप में डीजीपी चण्डीगढ़ डॉ. सागरप्रीत हुड्डा, समाज सुधारक डॉ. मौलाना कालबे रिजवी, लाइफ कोच, अमेरिका से डॉ. जसवीर लोहान, अमेरिका से शिक्षविद् व उद्यमी इंजीनियर राम आर्य उपस्थित रहे।

# कर्ण नगरी में नानक देव ने इल्म और अध्यात्म के बल पर किया था प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सिख पंथ के आदि गुरु प्रथम पातशाही गुरु नानक देव जी महाराज ने कर्ण की धरती पर कलंदर बू अली शाह के साथ धर्म चर्चा में अपने ज्ञान और समाज के प्रति संवेदनशीलता से शिकस्त दी थी। करनाल की धरती पर उन्होंने मंजी बिछाकर करनाल के लोगों को अध्यात्म का ज्ञान दिया था। आज जब समूचा देश गुरु नानक देच जी के प्रकाशोत्सव का 559वां वर्ष मना रहा हैं। उस समय भी संसार में धुंध हट रही है। गुरु के ज्ञान का प्रकाश हो रहा है। देश पर निराशा के बादल छंट रहे हैं। लोगों में जीवन के प्रति आशा का संचार हो रहा हैं। यह तो करनाल की धरती सूफी संतों और ज्ञानियों की नगरी रही है। यहां दान का प्रतीक कर्ण ने इसे बसाया है। इस धरती पर गुरुनानक देव जी के पांव भी पड़े हैं। इसलिए यह धरती चमत्कारी धरती है। गुरु नानक देव जी यहां पर जहां मंजी साहिब गुरुद्वारा है। यहां ठठेरों का मोहल्ला हुआ करता था। यहां पर बाग था। जहां मीठे पानी का कुआ था। बाबा नानक देव जी मस्ताना सहित अन्य संतों के साथ यहां मंजी पर बैठ गए थे। यह बगीचा मुस्लिम का था। उस समय हिंदू मंजी पर नहीं बैठ सकता था।



इसकी जानकारी देते हुए स. रतन सिंह ने बताया कि यहां गुरुनानक देव जी कीर्तन के साथ भगवान का नाम लेते थे। आरती होती थी। लोग यहां एकत्रित होते थे। जब यह बात हजरत अली बू शाह कलंदर के पास पहुंची। हजरत अली कलंदर बू अली शाह एक दीवार पर बैठक कर कलमा पड़ते थे। तो दीवार घोड़े के समान दौड़ उठती थी। लेकिन गुर नानक देव जी ने अपने चमत्कार से दीवार को बांध दिया था। कलदंर साहिब को चलकर गूरू नानक देव जी के पास आना पड़ा। उस समय गुरुनानक देव जी ने चार बातें कलंदर साहिब को इल्म और ज्ञान को लेकर कही, वह गुरु गंथ साहिब में दर्ज हैं। इसका सार यही था कि हमारे भीतर ही भगवान हैं। इल्म है तो फिर लोगों को क्या भरमाना। समाज की भलाई इंसानियत को सर्वोच्च मानो।

# प्राचीन शिव मंदिर में तुलसी-शालीग्राम पर्व धूमधाम से सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**

श्री प्राचीन शिव मंदिर न्यू चार चमन में शिव भक्तों ने सामुहिक रीति से भगवान शालीग्राम और तुलसी जी का वेदिक शास्त्रों के अनुसार विवाह किया। इससे पूर्व सायं 4.30 बजे पालकी यात्रा आरम्भ की गई, जिसमें विशिष्ट अतिथि धार्मिक सलाहाकार सुभाष गुरेजा ने पावन ज्योत प्रज्जवलित की। गणेश वन्दना के साथ पालकी मन्दिर से भ्रमण करते हुए न्यू चार चमन की विभिन्न गलियों से होती हुई कुंजपुरा रोड से भजन कीर्तन करते हुए मुख्य डाकघर से होते हुए पालकी विवाह स्थल पर पहुंची।
पंडित शिव विलास द्विवेदी ने पूजा अर्चना करवाकर हवन यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें वर पक्ष से पंकज जावा परिवार तथा वधु पक्ष की तरफ से आत्म वधवा परिवार ने यज्ञ में आहुति डाली, यज्ञ परिक्रमा की। शादी की सभी रस्में विधि विधान से की। वर माला डालकर विवाह सम्पन्न किया गया। आए हुए सभी गणमान्य लोगों को प्रशाद रूपी भोजन कराया गया।

# जिला कारागार में हुआ हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के सौजन्य से जिला कारागार में हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया।
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर वर्ष 9 नवंबर को मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 नवम्बर तक जिला के विभिन्न स्थानों पर कानूनी साक्षरता शिविरों एवं हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आज जिला कारागार में मानवता जन शक्ति फाउन्डेशन के हरदीप राणा और अरोड़ा अस्पताल के सौजन्य से बंदियों का हैल्थ चैकअप किया गया, जिसमें इएनटीए जनरल फिजिशियन, दंत चिकित्सक ने स्वास्थ्य जांच की और लैब सहायक द्वारा रक्त, बीपी और शुगर जांच की और मरीजों को मुफ्त दवाईयां भी प्रदान की। सीजेएम ने बताया कि इसी कड़ी में 5 नवम्बर को मंगलपुर स्लम एरिया में मजदूरों व वहां के निवासियों के लिए हैल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा

# हांसी पुलिस ने डॉग स्क्वॉड टीम सहित नशा तस्करों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हांसी( दिनकर गावड़ी)**:झ पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पुलिस जिला हांसी में नशे के विरुद्ध एक विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस की विभिन्न टीमें व डॉग स्क्वॉड टीम सक्रिय रूप से शामिल रही।
अभियान के दौरान थाना हांसी शहर, सदर हांसी, बास, नारनौंद सहित पुलिस जिला के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संदिग्ध ठिकानों, ढाबों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, पार्कों, सुनसान गलियों तथा खाली पड़े खंडहर स्थानों पर विशेष चेकिंग की गई। पुलिस कर्मियों ने संभावित ठिकानों की तलाशी ली, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और वाहनों की गहन जांच की।



अभियान का उद्देश्य नशा तस्करों को पकड़ना, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना तथा आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करना रहा।
पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण उत्पन्न हुआ है तथा आम जनता ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया।
पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सर्च अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे ताकि नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिला पुलिस थाना शहर के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सेक्टर 4 इंचार्ज उप निरीक्षक राजन सिंह की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर दशहरा ग्राउंड सेक्टर 4 छह आरोपियों बबलू पुत्र ओमप्रकाश, कृष्ण पुत्र रामपाल, सूरज पुत्र प्रीतम निवासी ईदगाह कॉलोनी तरावड़ी, रोहित पुत्र रूल देश निवासी करनाल गेट तरावड़ी, विजय पुत्र बलदेव निवासी इंदिरा कॉलोनी करनाल व अशोक पुत्र हरिचंद निवासी वार्ड नंबर-1, करनाल को 6 हजार व दो मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया।

# दक्षिणी हरियाणा के सभी नहरों का किया जाएगा नवीनीकरण: श्रुति चौधरी

**सौगात**

- तोशाम विधानसभा क्षेत्र को करीबन पांच करोड रुपए के नए विकास कार्यों की दी सौगात

**तोशाम, (वंदना शर्मा )**

**तोशाम, 04 नवंबर**-हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में बनी तमाम नहरों और खालों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।




कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी आज गांव लोहानी में सिंचाई विभाग की तीन करोड़ 60 लाख की लागत से मैकेनिक वर्कशॉप का, सिमली में गली का, कैरू माइनर से ढाणी माहु, कैरू व नया गांव के पांच जोहड़ों के लिए लगभग 60 लख रुपए की लागत से पशु पेयजल सप्लाई लाइन का शिलानाश और गांव लड़ियावाली वाली में खेत खलिहान के तहत 29 लाख रुपए की लागत से बनने वाले रास्ते का उद्घाटन किया। वहीं गांव देवराला में करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए आधुनिक तकनीक से बने भवन का लोकार्पण किया।यह भवन जिंदल परिवार की तरफ से बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने किरावड़ व ढाणी किरावड़ सहित करीब आधा दर्शन गांव में विकास कार्यों का लोकार्पण करक लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही दूर करने के दिशा निर्देश भी दिए।
कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने आपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सरकार चहुँ मुखी विकास कार्य कर रही है।

# खरखौदा में पिता-पुत्र की हत्या का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

सोनीपत पुलिस ने खरखौदा मे गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने की घटना मे संलिप्त दुसरे आरोपी को किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं।
एसयूएजी यूनिट सैक्टर 7 सोनीपत की पुलिस टीम ने खरखौदा मे गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने की घटना मे संलिप्त दुसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।
गिरफ्तार आरोपी रोहित निवासी बवाना दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक बीते 24 अक्तूबर को बुधराम पुत्र भगवान सिंह निवासी गोपालपुर जिला सोनीपत ने थाना खरखौदा मे शिकायत दी कि उसके पोते मोहित पुत्र धर्मबीर की जगनदास पुत्र हरिसिहं निवासी खरखौदा के साथ दुश्मनी चली हुई थी। मोहित का नाम उसके लड़के नितिन के मर्डर में आ?ा था। तभी से इनकी आपस में रंजिश थी। इसी रंजिश के कारण जगनदास के भतीजे राहुल निवासी खरखौदा, सन्नी उर्फ सांडा निवासी खरखौदा, अंकुश निवासी गढी सिसाना ने दिनांक 29 अक्तूबर 2024 को उसके पोते मोहित को जान से मारने की नियत से उस पर गोली चलाई थी। जिसमे एक गोली मोहित की कमर में लगी थी। इसी मामले में खरखौदा थाना में

# क्रिकेट कोच रामकरण का हत्यारोपित सुनील लंबू फरार, पुलिस की तीन टीमें कर रहीं तलाश

**हत्या मामला**

- खानपुर मेडिकल में बोर्ड की उपस्थिती में हुआ पोस्टमार्टम, गन्नौर श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर**। शास्त्री नगर में सोमवार रात हुई पार्षद सोनिया शर्मा के ससुर और पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण शर्मा की गोली मारकर हत्या के मामले में गन्नौर पुलिस ने मृतक के बेटे अमित की शिकायत पर आरोपित पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील लंबू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की हैं। डीसीपी प्रबीना पी. ने खुद घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। पुलिस की तीन टीमें अलग-अलग स्थानों पर नाकेबंदी कर रही है और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपित के सभी बैंक खातों और पासपोर्ट को फ्रीज करवा दिया है, लेकिन आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं मंगलवार को पूर्व कोच रामकरण शर्मा के शव को खानपुर मेडिकल में बोर्ड की उपस्थिती में पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद उनके शव का गमगीन माहौल में गन्नौर श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सोनीपत मेयर राजीव जैन, आप नेता देवेंद्र गौतम, आजाद नेहरा, राजकुमार पुरखासिया समेत क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि और खेल जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे।







**- रणजी खिलाड़ी थे रामकरण**

कोच रामकरण शर्मा की मौत के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रामकरण शर्मा दिल्ली विद्युत आपूर्ति उपक्रम से निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त थे और अपने समय के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी माने जाते थे। अपनी तेज गेंदबाजी व ताबड़तोड़ी बल्लेबाजी के बल पर रणजी क्रिकेट खेल चुके थे। वह कपिल देव और चेतन शर्मा जैसे खिलाडि?ों के साथ क्रिकेट खेल चुके हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में जाने से चूक गए। वह स्पोर्ट्स कोटे से सरकारी सेवा में आए थे। वह हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भी रह चुके थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को क्रिकेट कोचिंग भी देते थे। जिस कारण उन्हें रामकरण कोच के नाम से जाना जाने लगा था।
गन्नौर में क्रिकेट कोच रामकरण शर्मा की हत्या के मामले में पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है।

### -जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा आरोपित

इस संबंध में गन्नौर के अतिरिक्त थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपित सुनील लंबू की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
पुलिस की तीन टीमें इस मामले में जुटी हैं। आरोपित जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# पलवल आईटीआई में 6 और 7 नवंबर को होगा जिला युवा महोत्सव का भव्य आयोजन: उपायुक्त

**महोत्सव**

-पॉलिटेक्निक सहित विद्यालयों व महाविद्यालयों के 15 से 29 वर्ष आयु के युवा ले सकते हैं भाग



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला युवा एवं खेल विभाग व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से जिला में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए गुरुवार 6 नवंबर और शुक्रवार 7 नवंबर को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल में जिला युवा महोत्सव-2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि बुधवार 5 नवंबर है। इस आयोजन में जिला के पॉलिटेक्निक, विद्यालयों व महाविद्यालयों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि दो दिवसीय युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, कलात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें चित्रकला, लोक नृत्य, गायन, लोक गायन समूह, विज्ञान प्रदर्शनी, कविता लेखन, भाषण, आदि विधाएं शामिल हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टियां माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आईटीआई पलवल में जमा करवानी होंगी। पंजीकरण पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागी को पोर्टल से प्राप्त फॉर्म आईटीआई पलवल में अनिवार्य रूप से जमा करवाना आवश्यक होगा। इसके लिए संस्थान में एक हेल्प डेस्क भी बनाई गई है।

प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में मिलेंगे 3100, 2100 व 1100 रुपए : उपायुक्त

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3100, द्वितीय पुरस्कार में 2100 और तृतीय पुरस्कार स्वरूप 1100 रुपए नकद दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह जिला युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना को निखारने का एक सुनहरा अवसर है।

अधिक से अधिक युवा इस आयोजन में भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन करें। जिला युवा महोत्सव 2025 जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा, सृजनशीलता और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। यह मंच न केवल कला और संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं में नेतृत्व और सामाजिक जागरूकता की भावना भी विकसित करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### जनौली डाइट में हुआ दो दिवसीय इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में जनौली स्थित डाइट में दो दिवसीय इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर गणित विशेषज्ञ सुखराम ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और शिक्षकों से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक तरीके से समस्याओं को हल करने के लिए प्रोत्साहित किया। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डा. रेखा पांचाल, गणित प्रवक्ता गुरुदत्त, राकेश अग्रवाल व पूजा ने आईएमओ व गणित विषय के विभिन्न बिंदुओं बारे चर्चा करते हुए उपयोगी टिप्स दिए।

शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षकों को मैथ्स ओलंपियाड की प्रभावी तैयारी हेतु नई तकनीकें सीखने का अवसर प्राप्त होता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी। इस प्रशिक्षण में पूरे जिले से गणित प्रवक्ताओं ने भाग लिया। सभी ने इस प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाया। डाइट फैकेल्टी जितेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को ट्रेनिंग में लिए गए अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया।

### जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल की ओर से ततारपुर में लगाया गया जागरूकता कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से जिला पलवल के ग्रामीण क्षेत्रो में निरंतर जागरूकता शिविर आयोजित करवाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण आंचल में रह रहे लोगों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सरकार की योजनाओं, परियोजनाओं, नालसा व हालसा की योजनाओं की जानकारी हो सके। इसी कड़ी में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन डीएलएसए राज गुप्ता के मार्गदर्शन तथा सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल के सचिव हरीश गोयल में प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता अनुराधा द्वारा गांव ततारपुर में स्थित डी डिवलेवमेंट इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी में कैंप लगाकर श्रमिक सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस कैंप में उन्होंने श्रमिकों की सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पीएलवी शोभा रानी, श्रम अधिकारी सुरेंद्र रावत, शक्ति वाहिनी से रचना सौरोत भी उनके साथ मौजूद रहे। पैनल अधिवक्ता ने इस अवसर पर करीब 25 श्रमिकों को उनके एम्पलाई स्टेट इंश्योरेंस एक्ट एंड लेबर अवेयर ऑफ लीगल ऐड के बारे तथा श्रम अधिकारी सुरेंद्र रावत ने श्रमिकों को पीएफ एंड ईएसआई के लाभ बताकर जागरूक किया।

### पलवल को प्रदूषणमुक्त बनाने की बड़ी पहल : नगर परिषद खरीदेगी दो अत्याधुनिक एंटी-स्मॉग गन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल ।** नगर परिषद पलवल ने शहर को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में एक और ठोस कदम उठाया है। चेयरमैन डॉ. यशपाल के नेतृत्व में परिषद ने दो अत्याधुनिक एंटी-स्मॉग गन की खरीद प्रक्रिया को मंजूरी दी है। करीब एक करोड़ रुपये की लागत से होने वाली यह खरीद शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी। डॉ. यशपाल ने बताया कि पलवल को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए नगर परिषद निरंतर प्रयासरत है। सर्दियों के मौसम में बढ़ते स्मॉग और धूल को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन का प्रयोग किया जाएगा। इन मशीनों से हवा में मौजूद धूलकण और प्रदूषक तत्व नीचे बैठ जाते हैं, जिससे वातावरण स्वच्छ और दृश्यता बेहतर होती है।

तकनीकी पहल का उद्देश्य

पलवल में सर्दियों के दौरान स्मॉग और धूल से वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है।

एंटी-स्मॉग गन तकनीक के माध्यम से हवा में मौजूद सूक्ष्म धूलकणों को नियंत्रित किया जाएगा।

मशीनें शहर के मुख्य बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और व्यस्त मार्गों पर चलाई जाएंगी।

आर्थिक प्रावधान और खरीद प्रक्रिया

नगर परिषद लगभग 1 करोड़ की लागत से दो अत्याधुनिक एंटी-स्मॉग गन खरीदेगी।

इसके साथ ही 4.37 लाख की लागत से 5000 लीटर क्षमता वाले दो टैंकर भी खरीदे जाएंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में पुराने डीजल वाहनों पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा परिवहन आयुक्त कार्यालय की ओर से एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 1 नवंबर 2025 से राजधानी दिल्ली में सभी परिवहन एवं वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों (हल्के, मध्यम और भारी वाहनों) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल बीएस-छह मानक वाले डीजल, सीएनजी, एलएनजी या इलेक्ट्रिक वाहनों तथा दिल्ली में पंजीकृत वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि बीएस-तीन और बीएस-चार डीजल वाहनों पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। यह नियम दिल्ली के साथ-साथ जिला पलवल सहित हरियाणा के अन्य सभी एनसीआर जिलों में भी समान रूप से प्रभावी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं जैसे दूध, सब्जियां, दवाइयां आदि एवं आवश्यक सेवाएं देने वाले गैर-बीएस-छह वाहनों को 31 अक्टूबर 2026 तक अस्थाई रूप से छूट प्रदान की गई है। इसके बाद केवल सीएनजी, एलएनजी, इलेक्ट्रिक या बीएस-छह डीजल वाहनों से ही आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति की जा सकेगी।

उपायुक्त ने सभी वाहन मालिकों, परिवहन संचालकों, लॉजिस्टिक्स एजेंसियों और प्रवर्तन अधिकारियों से अपील की है कि वे जिला में इन नियमों का सख्ती से पालन करें, ताकि जिला पलवल सहित समस्त एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके और नागरिकों को स्वच्छ वायु का वातावरण मिल सके।

## अंतरविषयी संवाद और शोध संस्कृति को सशक्त बना रहा है हकेवि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गुरुवार को लोक्वियम संवादमूलक मंच विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतर्विषयी शोध, समसामयिक बहसों तथा देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्वानों के नवीनतम विचारों से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम है।विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. टी. लोंगकोई खियामनियुंगन ने इस पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक आधार को सुदृढ़ करते हैं और ज्ञान के क्षितिज का विस्तार करते हैं। हमारा उद्देश्य समाजशास्त्र विभाग को देश के सर्वाधिक सक्रिय शैक्षणिक केंद्रों में स्थापित करना है। डॉ. खियामनियुंगन ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रोत्साहन से विभाग की शैक्षणिक गतिविधियां सुदृढ़ हुई हैं। डॉ. लोंगकोई ने बताया कि इस सत्र के अंतर्गत तीन व्याख्यान आयोजित किए गए। जिनमें नागालैंड विश्वविद्यालय के डॉ. सुराज बेरी, हुल यॉर्क मेडिकल स्कूल, यूनाइटेड किंगडम की डॉ. पूजा शर्मा तथा जिला नागरिक अस्पताल कैथल के डॉ. विनय गुप्ता विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. सुराज बेरी ने अपने व्याख्यान में पियरे बॉर्दियू के क्षेत्र सिद्धांत, हैबिटस और वर्गीकरणीय संघर्षों की गहन व्याख्या की, जिससे भारतीय समाज में सामाजिक असमानताओं और सांस्कृतिक शक्ति संरचनाओं को समझने में नई दृष्टि मिली।

## सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी पकड़ा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जो को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी कृष्ण वासी बसई को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गस्त के दौरान आकोदा बस अड्डा पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि कृष्ण वासी बसई अवैध हथियार लिए हुए उसके गांव के पास पहाड़ी पर बैठा है

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए जांच-माप शिविर वरदान : नगराधीश अप्रतिम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के अध्यक्ष डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के निदेर्शानुसार जिला के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन को उनके प्रतिदिन के सामान्य कार्य में आने वाली परेशानी को देखते हुए उन्हें जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एलिम्को की सहायता से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार (कार्य दिवस वाले) को लघु सचिवालय के भूतल पर जांच-माप शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकतानुसार सामान भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।



जारी दिशा-निदेर्शों की अनुपालना में जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को लघु सचिवालय पलवल में मंगलवार को अक्षमता से सक्षमता की ओर मुहिम के तहत जिला के 25 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण नगराधीश अप्रतिम सिंह द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर नगराधीश अप्रतिम सिंह ने उपायुक्त पलवल के निर्देशन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल द्वारा शुरू की गई इस सार्थक पहल को दिव्यांजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि वे अब किसी अन्य व्यक्ति के सहारे के लिए मोहताज न रहेंगे तथा सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन जिएंगे। सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने कहा कि जांच शिविर में 20 लाभार्थियों को चयनित किया गया है, जिन्हें आगामी मंगलवार को उपकरण उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

## 10 नवंबर को सीकरी से चलकर पलवल पहुंचेगी सनातन एकता पदयात्रा : उपायुक्त

**पदयात्रा**

धीरेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में दिल्ली से बृज नगरी मथुरा-वृंदावन तक निकाली जा रही है पदयात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** सनातन संस्कृति, एकता और सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम) के नेतृत्व में राजधानी दिल्ली से लेकर बृज नगरी मथुरा-वृंदावन तक निकाली जा रही ह्यसनातन एकता पदयात्राह्न 7 नवंबर को दिल्ली के छतरपुर स्थित कात्यायनी शक्ति पीठ मंदिर से प्रारंभ होकर श्री बांके बिहारी लाल मंदिर मथुरा-वृंदावन तक जाएगी। यह यात्रा लगभग 150 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। देश की राजधानी दिल्ली से वृंदावन की इस यात्रा को पूरा होने में 10 दिन लगेंगे। ह्यसनातन एकता पदयात्राह्न का 10 नवंबर से 12 नवंबर तक पलवल-होडल में ठहराव रहेगा। पदयात्रा सीकरी से पलवल जिला की सीमा में प्रवेश करेगी। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला में पदयात्रा आगमन से संबंधित आवश्यक तैयारियां और प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए सभी आवश्यक तैयारियां और प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

आपसी समन्वय के साथ शांतिपूर्ण और सफल आयोजन करें सुनिश्चित : उपायुक्त

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में आपसी समन्वय के साथ ह्यसनातन एकता पदयात्राह्न का शांतिपूर्ण और सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने पदयात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाने, क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत कराने तथा सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्रा मार्ग और पूर्ण ठहराव स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में मांस और मदिरा की सभी दुकानें पूर्ण रूप से बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था, अस्थाई शौचालय, पेयजल, जलपान, चिकित्सा, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और निर्बाध बिजली आपूर्ति जैसी सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि पदयात्रा मार्ग को पूरी तरह दुरुस्त और स्वच्छ रखा जाए ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो। पदयात्रा सोमवार 10 से बुधवार 12 नवंबर तक पलवल-होडल में रहेगी। पदयात्रा सोमवार 10 नवंबर को पलवल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम) में, मंगलवार 11 नवंबर को मितरौल (औरंगाबाद) में तथा बुधवार 12 नवंबर को होडल स्थित अनाज मंडी में रात्रि विश्राम करेगी।

## भारत के नए ट्रेड कॉरिडोर्स को मजबूत बना रहा फ्लिपकार्ट

**पानीपत।** भारत के घरेलू मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने भारत के डिजिटल कॉमर्स परिदृश्य में बड़ा बदलाव किया है। इसके प्लेटफॉर्म पर सूरत और भिवंडी से लेकर जयपुर और करनाल तक नए रीजनल ट्रेड हब उभरकर सामने आ रहे हैं और लगातार विकास कर रहे हैं। त्योहारी सीजन के दौरान विकास की व्यापक संभावनाओं वाले इन क्लस्टर्स से नए सेलेक्शन का इनफ्लो 1.4 गुना हो गया है। इस तेजी के साथ फ्लिपकार्ट टियर-2 और टियर-3 कस्बों के उद्यमियों को सस्टेनेबल तरीके से और टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ने तथा भारत की कॉमर्स स्टोरी को नए मुकाम पर पहुंचाने में मदद कर रहा है। फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड ऑफ मार्केटप्लेस साकेत चौधरी ने कहा, बात चाहे सूरत, मेरठ की हो या लखनऊ की, भारत के नए ट्रेड सेंटर्स तेजी से ई-कॉमर्स के विकास का इंजन बनकर सामने आ रहे हैं। ये क्षेत्र इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे डिजिटल टूल्स, डाटा इनसाइट्स और पारदर्शी प्रक्रियाओं तक पहुंच प्रदान करके स्थानीय उद्यमियों को तेजी से विकास करने में सक्षम बनाया जा सकता है।

टियर-2 शहरों में भुवनेश्वर, भिवंडी और दुगार्पुर से इस त्योहारी सीजन के दौरान सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, जो क्षेत्रीय भारत में बढ़ते डिजिटल एंगेजमेंट को दिखाता है। यह वृद्धि दिखाती है कि कैसे भारत के उद्यमी टेक्नोलॉजी की मदद से कारोबार को विस्तार दे रहे हैं और ऑनलाइन कॉमर्स के माध्यम से सतत विकास के रास्ते पर बढ़ रहे हैं। त्योहारी शॉपिंग की तेजी के बीच फ्लिपकार्ट पर ऑटोमोबाइल, टीवी, स्पोर्ट्स शूज और मेकअप जैसी कैटेगरी में भी उछाल देखा गया, जो ग्राहकों की प्राथमिकताओं में रहे बदलाव और मार्केटप्लेस की गहरी होती पहुंच भी दिखाता है।

## विष्णु भगवान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन पांच नवबंर को रात्रि 8:00 बजे से किया जाएगा। मंदिर प्रभारी शंकर ने बताया कि मंदिर में प्रतिमाह पूर्णिमा के अवसर पर भक्ति भाव से ओत-प्रोत संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें भक्त बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार भी मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया जाएगा और भजन-कीर्तन के साथ हनुमानजी की महिमा का गुणगान किया जाएगा।श्री विष्णु सेवा समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आशीर्वाद एवं आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने की अपील की है।

## पांच दिवसीय जिला यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के चेयरमैन डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के कुशल मार्गदर्शन और उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डा. महेश जोशी से प्राप्त निदेर्शानुसार तथा सचिव विजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 07 नवंबर 2025 तक श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट पलवल के प्रांगण में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थी व यूथ रेडक्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया जा रहा है।



शिविर के दूसरे दिन कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट पलवल के निदेशक डा. एस.के. गुप्ता ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर तथा रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है, जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा। वह देश तरक्की करेगा। रेडक्रॉस सोसायटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जोकि स्वास्थ्य सेवा, मित्रता के साथ-साथ मानवता, भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता, तटस्थता एकता, स्वैच्छिक सेवा भाव में तत्पर आमजन में जागरूकता के भाव जगाती है। रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने कैंप में पधारने पर मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया किया।

## सरस्वती महिला महाविद्यालय युवा महोत्सव का दूसरा दिन उत्साह के साथ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग।**

पलवल के सरस्वती महिला महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय युवा महोत्सव का दूसरा दिन मंगलवार को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह आयोजन छात्र कल्याण विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के तत्वावधान में हो रहा है। महोत्सव छात्रों की प्रतिभा, सृजनात्मकता और महाविद्यालय की सक्रियता का प्रतीक बन गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधान एवं अतिरिक्त महाधिवक्ता अतुल मंगला, प्राचार्य डॉ. वंदना त्यागी, एमडीयू के पदाधिकारी डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, डॉ. प्रताप राठी, डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, डॉ. सुनील शर्मा, पवन अग्रवाल और आयोजन सचिव डॉ. सविता मनचंदा सहित सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन समिति के मार्गदर्शन में किया गया।




प्रातः सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. दिनेश कुमार (कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, दुधोला, पलवल) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. कृष्णकांत (रजिस्ट्रार, एमडीयू रोहतक) और डॉ. रितु दीक्षित (प्रोफेसर, आईटीटीसी फरीदाबाद) उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार, पद्मश्री और राष्ट्रपति पदक विजेता श्री महावीर गुड्डू का भी विशेष स्वागत किया गया।

प्रबंधन समिति से अनिल मोहन मंगला (उपाध्यक्ष), हेमचंद मंगला (सचिव), तरुण गर्ग, दिनेश मंगला, उपासना बागला और प्रतिभा सिंगला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, लगन और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सव युवाओं में सशक्तता और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रबल करते हैं। सांयकालीन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में वरुण सिंगला (आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, पलवल) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव केवल प्रतियोगिता का मंच नहीं, बल्कि युवाओं की सृजनशीलता और संस्कृति से जुड़ाव का माध्यम है। महोत्सव के दूसरे दिन कुल 18 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने किया। प्रतियोगिताओं में शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, सिंग फॉर पैरेंट्स, सोलो डांस, वाद-विवाद, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, कोलॉज, आर्केस्ट्रा, हरियाणवी समूह गीत आदि कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## एचएमएसआई ने अक्टूबर 2025 में 6.50 लाख यूनिट की बिक्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अक्टूबर 2025 में कुल 6,50,596 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है। इसमें 5,98,952 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 51,644 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई ने अक्टूबर 2024 की तुलना में कुल बिक्री में 9% की साल-दर-साल वृद्धि और सितंबर 2025 की तुलना में 15% की माह-दर-माह वृद्धि दर्ज की है।

वित्त वर्ष 2025झ26 (अप्रैलझअक्टूबर 2025) की अवधि के दौरान, एचएमएसआई ने कुल 36,41,612 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें 32,78,451 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 3,63,161 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**अक्टूबर 2025 में एचएमएसआई की अहम उपलब्धियां:** रोड सेफ्टीः एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए देशभर के विभिन्न शहरों सिवान, मथुरा, झुंझुनू, अहमदाबाद, नवी मुंबई, कोलकाता, जालना, लखनऊ, कन्नूर और हुब्बली में जागरूकता अभियान आयोजित किए। इन अभियानों के माध्यम से इंटरएक्टिव लर्निंग के जरिए लोगों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

एचएमएसआई ने हरियाणा के करनाल स्थित अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 8वीं वर्षगांठ और कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित सेफ्टी ड्राइविंग एजुकेशन सेंटर (रऊए्रउ) की 5वीं वर्षगांठ मनाई। इन पहलों के माध्यम से कंपनी भारत में सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने की अपनी यात्रा को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

एचएमएसआई ने जबलपुर में एक रोड सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित

# बुलेट से पटाखे बजाने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)**
पुलिस का बुलेट पटाखे तथा प्रैसर हॉर्न के खिलाफ स्पेशल अभियान। पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा बुलैट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने तथा प्रैसर हॉर्न वाले वाहन चालकों पर शिकन्जा कसा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सभी प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हुए हैं बुलैट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाकर तथा प्रैसर हॉर्न से ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तथा आमजन को परेशान करने वाले मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कारवाई करें। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार चैकिंग की जा रही है। जिला पुलिस के सभी थाना की टीम, यातायात पुलिस टीम तथा जिला पुलिस की स्वैट टीम द्वारा लगातार चैंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चैंकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट, बिना



कागजात, काली फिल्म या जाली लगाने वाले, बुलैट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वालों तथा प्रैसर हॉर्न वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिन वाहन चालकों के पास कागजात पूरे नही हैं उनके वाहनों को ईम्पाउण्ड किया जा रहा है।

**बुलेट से पटाखा बजाया तो पडेगा भारी हजार्ना :** पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी बुलेट मोटरसाईकिल चालक



मोटरसाईकिल पर पटाखे ना बजाए और न ही प्रैसर हॉर्न का इस्तेमाल करें क्योंकि इनसे ध्वनि प्रदूषण तो होता है। पटाखे की तेज आवाज और प्रैसर हॉर्न से भय के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि बुलेट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल से पटाखे बजाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाऐगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला में बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वाले तथा प्रैसर हॉर्न वाले वाहन चालकों की शिकायतें मिल रही थी। आमजन की सुविधा को ध्यान मे रखते हुऐ जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वाले चालको के चालान किये जा रहे हैं।
उन्होने कहा कि यह अभियान

**अभियान**

**विशेष अभियान चलाकर बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वाले चालको के चालान किये जा रहे**

# लोकल/शहरी बस सेवा को मजबूत किया जा रहा: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हमारे शहर के लोगों का सफर आरामदय हो, अम्बाला छावनी व शहर के मध्य कई लोगों का आना जाना है उनके फायदे के लिए लोकल/शहरी बस सेवा को मजबूत किया जा रहा है। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अम्बाला छावनी में पांच नई इलेक्ट्रिक एसी बसें लोकल बस सेवा में शामिल होने पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में पिछले कई वर्षों से लोकल बस बंद थी और उन्होंने परिवहन मंत्री बनते ही यह सेवा बहाल कराई है। लगभग 25 बसें दिन में कई-कई चक्कर अम्बाला शहर, अम्बाला कैंट व आसपास गांवों तक लगाती है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। इनमें ज्यादातर इलेक्ट्रिक एसी



बसें है, कुछ छोटी बसें है जोकि छोटे क्षेत्रों में जाती है। अम्बाला छावनी में सदर क्षेत्र के बाद छावनी के अन्य क्षेत्रों में भी स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम लगाने की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर कहा कि हमने पूरे सदर क्षेत्र में पहले स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डलवा दी थी जोकि कामयाब रही है। बरसातों में पानी तेजी से निकला है और किसी भी बाजार में पानी नहीं भरा। इसके पाइप लाइन अंडरग्राउंड होने पर मक्खी-मच्छरों का भी फर्क पड़ा है।

## न्यूज फ्लैश

### ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली के पहले दिन प्रदेश में सबसे ज्यादा कुरुक्षेत्र में 58 आवेदन हुए स्वीकृत: विश्राम कुमार मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
कुरुक्षेत्र : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और भ्रष्टाचार रहित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का शुभारंभ किया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक अब अपनी संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री के लिए



ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं पेपरलेस रूप में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि प्रणाली के पहले ही दिन प्रदेशभर में सबसे ज्यादा प्राप्त आवेदनों में से 58 आवेदन अकेले कुरुक्षेत्र में स्वीकृत किए गए हैं, जो इस नई पहल की सफलता का प्रमाण है जबकि प्रदेश में 109 आवेदन स्वीकार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र की बाबैन तहसील से इस योजना का शुभारंभ किया था। इसके बाद नवंबर माह से इसको पूरे प्रदेश की सभी तहसीलों में लागू किया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा बल्कि लोगों का कीमती समय और संसाधन भी बचेंगे। अब प्रदेश में सभी रजिस्ट्रियां पूरी तरह पारदर्शी और पेपरलेस होंगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इस प्रणाली के माध्यम से डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए सभी रजिस्ट्री प्रक्रियाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। नागरिक अब घर बैठे अपने दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे, भुगतान ऑनलाइन कर पाएंगे और निर्धारित समय पर रजिस्ट्री की पुष्टि प्राप्त कर सकेंगे।

**सबसे ज्यादा कुरुक्षेत्र में स्वीकृत हुए आवेदन:** प्रदेश के अंबाला में 1, भिवानी में 1, फरीदाबाद में 2, फतेहाबाद में 5, गुरुग्राम में 2, हिसार में 3, झज्जर में 2, जींद में 1, करनाल 3, कुरुक्षेत्र में 58, महेंद्रगढ़ में 21, मेवात में 3, रेवाड़ी में 5 और रोहतक में 1 आवेदन स्वीकृत हुए।

### विशेष प्रचार अभियान के तहत जनकल्याणकारी नीतियों की दी जा रही है जानकारी: डा. नरेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान जिले में चलाया हुआ है। यह विशेष प्रचार अभियान सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निदेर्शानुसार तथा उपायुक्त



विश्राम कुमार मीणा मार्गदर्शन में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करते हुए अपडेट कर रहा है ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में विभागीय भजन पार्टियों द्वारा विशेष प्रचार अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का एक शेड्यूल तैयार किया गया है। इस शेड्यूल के तहत विभाग के कलाकार जिले में शहरों के वार्डों, सेक्टरों और गांव-गांव ग्रामीण क्षेत्र में जाकर आमजन को विभिन्न कल्याणकारी नीतियों की जानकारी देने का काम कर रहे है। ये कलाकार विभिन्न योजनाओं को लेकर तैयार किए गए गीतों, रानियों और नाटकों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का काम कर रहे है। भजन पार्टी के कलाकारों द्वारा गांव-गांव जाकर विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया भव्य नगर कीर्तन का आयोजन



**रादौर, 4 नवंबर (कुलदीप सैनी) :** गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। नगर कीर्तन शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ। शहरवासियों ने नगर कीर्तन का जगह-जगह प्रसाद बांटकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल के नर्सरी विंग के बच्चों ने शब्द और गुरबाणी का पाठ किया। स्कूल पहुंचने पर छात्रों को लंगर व कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया।

# पैराई सत्र को शुरू करने की मांग को लेकर किसान हुए लामबद्ध

**शाहाबाद (प्रदीप कुमार):**
**शाहाबाद** सहकारी चीनी मिल का पैराई सत्र जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर सैकड़ों किसान मिल परिसर में एकजुट होकर पहुंचे। किसानों ने चीनी मिल का पैराई सत्र 18 नवंबर को शुरू करने की मांग की। किसानों में रामकुमार बुहावी, जयपाल चढ़ूनी, सतबीर रामपुरा, गुरजेंट बिंदा, बिट्टू यारी, ज्ञान सिंह, बूटो, देशराज, रणबीर, तून खान, कर्म सिंह, राजू उगाला, मेहर सिंह बुहावी, रोबिन, जोगेन्द्र और मोहित सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने बताया कि मिल के एम.डी. प्रदीप अहलावत ने मंगलवार को मुलाकात का समय तय किया था, लेकिन जब किसान



पहुंचे तो वे मिल में मौजूद नहीं थे। इससे किसानों में निराशा फैल गई। किसान नेताओं रामकुमार बुहावी और जयपाल चढ़ूनी ने बताया कि जब एम.डी. से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वे एक विशेष बैठक में भाग लेने के लिए चंडीगढ़ गए हैं। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि इस बार मिल का पैराई सत्र 25 नवंबर से शुरू करने का पूरा प्रयास रहेगा। साथ ही, उन्होंने किसानों से 8 नवंबर को मुलाकात करने का नया समय निर्धारित किया है। किसानों ने मिल प्रशासन से 18 नवंबर को ट्रायल शुरू करने और मिल को जल्द चालू करने की मांग की है ताकि गन्ने की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 8 नवंबर को एम.डी. किसानों से नहीं मिले, तो किसान रोड जाम जैसे आंदोलनकारी कदम उठाने पर विवश होंगे। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक मांगपत्र मिल एम.डी. के प्रतिनिधि को सौंपा। चीफ इंजीनियर सतबीर सिंह ने भी किसानों को आश्वस्त किया कि मिल प्रशासन का लक्ष्य 18 नवंबर को ट्रायल कर 25 नवंबर तक पैराई सत्र शुरू करने का है।

**मांग**

**किसानों ने चीनी मिल का पैराई सत्र 18 नवंबर को शुरू करने की मांग की**

# ए जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल चीका में बड़े हर्ष व उल्लास से मनाया गया गुरु पर्व

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां ए जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल चीका में गुरु पूर्णिमा का उत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रार्थना सभा में बच्चों ने गुरु पूर्णिमा से संबंधित कविता, भाषण व गीत के द्वारा स्कूल के प्रांगण को महका दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के पंजाबी अध्यापक बलजीत सिंह ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस दौरान स्कूल में छोटी कक्षाओं के बच्चों



की माताओं को स्कूल में आमंत्रित किया गया तथा अवंतिका में आने वाले गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल को उनके हाथों से बच्चों को दिलवाया गया। इसके बाद बच्चों की माताओं के लिए कुछ मनोरंजक कार्यक्रम करवाए गए, जिसमें उन्होंने भाग लिया और जो अभिभावक पुरस्कार जीत पाए, तो उनको उपहार के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष आलोक बासु रॉय मैनेजर, मनीषा बासु रॉय तथा प्रिंसिपल मीनाक्षी व स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# डीसी ने लिया पेपरलेस रजिस्ट्री का जायजा

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली।
इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया के सभी चरणों को बारीकी से परखा और अधिकारियों से इसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वंदे मातरम गीत की वर्षगांठ 7 को भव्य तरीके से मनाई जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला के उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 7 नवम्बर को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास व भव्य तरीके से मनाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। इस मौके पर उनके साथ एसीयूटी राहुल कनवरिया व डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार मौजूद रहे। उन्होने मीडिया के माध्यम से जिलावासियों को इस कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि 7 नवम्बर 1876 को कवि बकीचंद चटर्जी ने वंदे मातरम गीत को लिखा था, वंदे मातरम गीत की महत्वता बारे व स्वतंत्रता सैनानियों के संघर्ष का इस गीत से संबध है, उस बारे जानकारी हो, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ को मनाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में अम्बाला जिले में भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले अबकी बार मंडियों में धान की 5.65 मीट्रिक टन आवक आई है। इसका एक कारण भारी वर्षा के होने के चलते कुछ क्षेत्रों में जल भराव रहने के कारण फसलों का नुकसान होना है।



**तैयारी**

**जिन्होंने पराली प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों जिनमें हैप्पी सीडर, एक्स सी-2 इत्यादि शामिल है**

उन्होने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के तहत 51 हजार एकड़ क्षेत्र में फसल के नुकसान को दर्ज किया गया है जिसकी वैरिफिकेशन कर ली गई है। जल्द ही सम्बन्धित किसानों को उनकी फसलों से सम्बन्धित मुआवजा सीधा उनके खाते में देने का काम किया जाएगा। डीसी ने इस मौके पर यह भी बताया कि जिले में पराली प्रबंधन के तहत नाम मात्र आगजनी की घटनाएं हुई हैं। सांख्यीकी आंकडे में आगजनी की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। यह श्रेय विभाग के साथ-साथ किसानों को जाता है जिन्होंने पराली प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों जिनमें हैप्पी सीडर, एक्स सी-2 इत्यादि शामिल है।

# गुरुपर्व की पूर्व संध्या पर निकाली विशाल शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुरुपर्व की पूर्व संध्या पर निकाली विशाल शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। शोभा यात्रा यहां के एतिहासिक छटी एवं नौवीं पाठशाही गुरुद्वारा साहिब चीका से निकली। शोभा यात्रा निकालने से पूर्व गुरु घर के पाठी ने अरदास की और जयकारे छोड़े। अरदास के बाद गुरु की लाडली फौज निहंगों ने अपने पारम्परिक हथियारों के साथ गटका खेला व युद्धकला का प्रदर्शन किया। पांच प्यारों की अगुवाई में शोभा यात्रा गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों व



सड़कों से होती हुई वापिस गुरुद्वारा में पहुंची। शोभा यात्रा का जगह जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा के आगे श्रद्धालुओं ने पलकें बिछा दी व समूचे शहर में पालकी से आगे आगे चलते हुए उन्होंने झाड़ू लगाई व शुद्ध पानी का छिड़काव किया। इस दौरान शहर की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने शोभा यात्रा में शिरकत की और श्रद्धालुओं के लिए चाय, पकौड़ा व शीतल जल की व्यवस्था की। शोभा यात्रा के साथ बड़ी संख्या में चल रहे महिला श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों के माध्यम से जहां लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं पाठी वर्ग से जुड़े कई अन्य श्रद्धालुओं ने गुरु की वाणी का प्रचार किया और 'सतनाम वाहेगुरुइ शब्द का पाठ किया। युवा श्रद्धालुओं ने पटाखे बजाकर शोभा यात्रा में आए लोगों में जनून भरने का काम किया। शोभा यात्रा जहां से भी गुजरी, वहीं लोगों ने शोभा यात्रा में गुरु महाराज की पालकी के आगे मस्तक झुका दिया और प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया।

**शोभा यात्रा**

**अरदास के बाद गुरु की लाडली फौज निहंगों ने अपने पारम्परिक हथियारों के साथ गटका खेला**

# अजीमगढ़ चौकी पर ग्रेनेड फेंकने वाले आतंकियों को किया कोर्ट में पेश

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला स्थित अजीमगढ़ चौकी पर ग्रेनेड फेंकने के मामले में पकड़े गए आरोपियों से पुलिस द्वारा चार दिन के पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। उक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए डी.एस.पी. गुहला कुलदीप बेनिवाल ने बताया कि दोनों आतंकियों ने पूछताछ में आरोपियों ने कई बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी गुरप्रीत व हरमनप्रीत ने कबूल किया कि उनके पास अमेरिका में डंकी से गए हुए गुरप्रीत के गांव के करण का फोन आया था।

**ग्रेनेड उठाने से लेकर फेंकने के बारे में बताया:** दोनों आतंकियों ने



बताया कि पुलिस द्वारा पहले गिरफ्तार किए गए करण ने ही उनकी पहचान दो अन्य आतंकियों हैप्पी पसियां व जीशान अख्तर से करवाई थी। वहीं से उन्हें आदेश मिले थे कि कहां से ग्रेनेड लेना है और उसे कहां पर फेंकना है। करण ने उनको पंजाब के पटियाला जिले की लोकेशन व वीडियो भेजी थी और कहा था कि उन्हें वहीं से ग्रेनेड उठाना है।

**दोनों ने दो जगह ग्रेनेड फेंके:** बेनिवाल ने बताया कि गिरफ्तार आतंकियों ने खुलासा किया कि इसके बाद पटियाला के नन्हेड़ा गांव के निवासी गुरप्रीत और गुरदयालपुरा के रहने वाले हरमनप्रीत पंजाब के गांव फतेहपुर से ग्रेनेड लेकर आए थे और उसे हरियाणा के गुहला थाने की अजीमगढ़ चौकी पर फेंकना था। इस पर आरोपियों ने 1 अप्रैल को पंजाब के बादशाहपुर में और 6 अप्रैल को कैथल की अजीमगढ़ चौकी में ग्रेनेड फेंके थे। दोनों आरोपी मामलों में फरार चल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और अब पूछताछ की जा रही है।

**विदेश बुलाने का दिया था झांसा:** उन्होंने बताया कि इसकी एवज में आरोपी गुरप्रीत व हरमनप्रीत को रुपए देने व विदेश बुलाने का झांसा दिया गया था। उनको समय-समय पर जरूरत के अनुसार बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप के सदस्य करण की ओर से रुपए भी भेजे जा रहे थे। साथ ही उन्हें खाने पीने और होटल में रहने का पूरा खर्चा दिया जा रहा था। रुपए के लालच में आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। डी.एस.पी. बेनीवाल ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपियों से की गई पूछताछ के दौरान जांच में एक के बाद एक जो तथ्य सामने आए हैं, उन्हीं के आधार पर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने ली थी जिम्मेदारी:**
बता दें कि 6 अप्रैल को पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित गुहला थाने की अजीमगढ़ पुलिस चौकी पर सुबह के समय ग्रेनेड से हमला हुआ था। आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी और इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी जारी की थी।
पुलिस चौकी के नाम को लेकर

# ज्ञान-दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका बड़ी श्रद्धा व उत्साह से मनाया गुरु पर्व

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज ज्ञान-दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका के प्रांगण में प्रातः कालीन ऐश्वर्या वंदना के उपरांत साहिबजादे हाउस द्वारा श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या व हाउस इंचार्ज द्वारा श्री गुरु नानक देव जी को पुष्प अर्पित करके हुए दूसरी कक्षा के छात्र गुरसेवक, प्रभदीप, हरलीन के द्वारा शब्द गायन किया गया। कक्षा यू.के.जी. के छात्रों द्वारा शब्द गायन किया गया। कक्षा तीसरी, चौथी व छठी, सातवीं के छात्रों ने नृत्य प्रस्तुति दी। पंजाबी




अध्यापिका हरजिंदर कौर ने अपने शब्दों में गुरु जी के बारे में बताया। कक्षा बारहवीं की छात्रा ने भी गुरु जी की जीवनी को अपने शब्दों की माला में पिरोया। कार्यक्रम के समापन में स्कूल के प्रबंधक परमानन्द गोयल ने सभी छात्रों व अध्यापक गण को गुरु पर्व की बधाई देते हुए सभी को गुरु नानक देव जी के जीवन से शिक्षा लेने को कहा। इस अवसर पर सुखमनदीप कक्षा नौवीं, तनु कक्षा दसवीं की छात्रों को कुरुक्षेत्र पैनोरमा व साइंस सेंटर द्वारा आयोजित पैनल डिस्कशन ऑन क्लाइमेट चेंज और इंटस इफेक्ट में प्रथम आने पर सम्मानित भी किया गया।

## आनुवांशिक होती है छरहरी काया



आपकी दोस्त जो चाहे और जब चाहे जी भरकर खा सकती है। बावजूद इसके वह छरहरी भी बनी रह सकती है, लेकिन चाकलेट की एक बाइट खाकर ही आप के वजन में इजाफा हो जाता है। कारण, छरहरा होना भी एक आनुवांशिक खासियत है।

जर्मनी के अध्ययनकर्ताओं ने कद के लिहाज से महिलाओं के वजन और उनके जीन्स में वैज्ञानिक संबंध खोजने का दावा किया है। वैज्ञानिकों की टीम इस नतीजे पर पहुंची है कि मुस्कान और आंखों की रंगत की तरह छरहरापन भी अपने आपमें आनुवांशिक देन है। अध्ययन के नतीजों को दो खबरों के तौर पर बांटा है- बुरी खबर और अच्छी खबर। बुरी खबर यह कि वजन सहित शारीरिक बनावट की ज्यादातर विशेषताएं आनुवांशिक आधारित हैं। अच्छी खबर यह है कि महिलाओं के लिए आनुवांशिक आधार पर शारीरिक गठन के खिलाफ जाने, इसके लिए कुछ करने के अवसर अब भी बरकरार हैं।



अभी तक वैज्ञानिक इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं थे कि परिवेशीय और आनुवांशिक पहलू महिलाओं की कद-काठी की संरचना में किस हद तक भूमिका निभाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा एक अतिरिक्त शोध को भी अंजाम दिया गया है। यह परीक्षण एक न एक दिन महिलाओं के वजन में कमी के रास्ते खोजने में मददगार साबित होगा।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि वजन कम करने को लेकर महिलाओं को यह बात जरूर मालूम होनी चाहिए कि अपने शरीर के वजन को नियंत्रित करने के लिए उन्हें करना क्या चाहिए, खासकर जब उम्र अपना असर दिखाने लगे। बढ़ती उम्र के साथ वजन कम होने की संभावना भी कम होती जाती है, ऐसे में बहुत अधिक उम्मीद पालना खुद को परेशानी में डालना होगा।

## हफ्ते में पाएं लाइट कॉम्प्लेक्शन

डार्क स्पॉट, फ्रेकल्स और बेजान त्वचा! मौसम के बदलाव के कारण त्वचा ने न जाने ऐसी कितनी समस्याएं झेली होंगी। लेकिन अब समय है उनसे निपटने और खोई हुई रंगत वापस पाने का।

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती जाती है, स्किन टोन भी बदलती जाती है। झाइयां, रूखी त्वचा और डार्क स्पॉट साफनजर आने लगते हैं और त्वचा उतनी साफऔर गोरी नहीं रह जाती। उस पर सीजन का असर भी होता है। विंटर में सनस्क्रीन क्रीम शायद ही कोई इस्तेमाल करता है। साथ ही खुली ठंडी हवाएं त्वचा की ऊपरी परत को काफी हद तक नुकसान पहुंचाती हैं। कॉम्प्लेक्शन डल कर देती हैं। सामान्य और रूखी त्वचा पर खास तौर पर इनका असर होता है। इसलिए अगर आप अपनी रंगत को निखारना चाहती हैं तो ब्यूटी एक्सपर्ट अंबिका पिल्लै की ये ट्रिक्स अपनाइए और खोई हुई रंगत वापस पाइए। सनब्लॉक



गोरी रंगत पाने का सबसे आसान उपाय है रोज सनब्लॉक का इस्तेमाल। इसलिए ऐसा मॉयस्चराइजर लें जिसमें एसपीएफ 15 या उससे भी अधिक हो। सुबह चेहरा धोने के बाद इसे लगाना न भूलें। सनब्लॉक न सिर्फ आपकी त्वचा को डार्क होने से बचाता है, नुकसानदेह यूवी किरणों से त्वचा के कैंसर और आकस्मिक झुर्रियों से भी बचाता है। अपने हाथों पर भी सनब्लॉक जरूर लगाएं।

**एक्सफोलिएट**

हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएशन से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और वह गोरी-चमकदार हो जाती है। 2 टेबल स्पून ओटमील में 2 टेबल स्पून ब्राउन शुगर व 1/4 कप दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे गोलाई में घुमाते हुए स्क्रब करें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं।

**मास्क पॉवर**

गोरी रंगत पाने के लिए घर पर यह मास्क तैयार करें-चंदन पाउडर+नीबू का रस+टमाटर का रस+खीरे का रस बराबर मात्रा में लेकर पेस्ट बनाएं। चेहरे पर लगाकर सूखने दें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।

## ब्लिंग फुटवेयर है राइट चॉइस

डार्क स्पॉट, फ्रेकल्स और बेजान त्वचा! मौसम के बदलाव के कारण त्वचा ने न जाने ऐसी कितनी समस्याएं झेली होंगी। लेकिन अब समय है उनसे निपटने और खोई हुई रंगत वापस पाने का।

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती जाती है, स्किन टोन भी बदलती जाती है। झाइयां, रूखी त्वचा और डार्क स्पॉट साफनजर आने लगते हैं और त्वचा उतनी साफऔर



गोरी नहीं रह जाती। उस पर सीजन का असर भी होता है। विंटर में सनस्क्रीन क्रीम शायद ही कोई इस्तेमाल करता है। साथ ही खुली ठंडी हवाएं त्वचा की ऊपरी परत को काफी हद तक नुकसान पहुंचाती हैं। कॉम्प्लेक्शन डल कर देती हैं। सामान्य और रूखी त्वचा पर खास तौर पर इनका असर होता है। इसलिए अगर आप अपनी रंगत को निखारना चाहती हैं तो ब्यूटी एक्सपर्ट अंबिका पिल्लै की ये ट्रिक्स अपनाइए और खोई हुई रंगत वापस पाइए।

सनब्लॉक

गोरी रंगत पाने का सबसे आसान उपाय है रोज सनब्लॉक का इस्तेमाल। इसलिए ऐसा मॉयस्चराइजर लें जिसमें एसपीएफ 15 या उससे भी अधिक हो। सुबह चेहरा धोने के बाद इसे लगाना न भूलें। सनब्लॉक न सिर्फ आपकी त्वचा को डार्क होने से बचाता है, नुकसानदेह यूवी किरणों से त्वचा के कैंसर और आकस्मिक झुर्रियों से भी बचाता है। अपने हाथों पर भी सनब्लॉक जरूर लगाएं।

एक्सफोलिएटहफ्ते में एक बार एक्सफोलिएशन से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और वह गोरी-चमकदार हो जाती है। 2 टेबल स्पून ओटमील में 2 टेबल स्पून ब्राउन शुगर व 1/4 कप दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे गोलाई में घुमाते हुए स्क्रब करें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं।

मास्क पॉवरगोरी रंगत पाने के लिए घर पर यह मास्क तैयार करें-चंदन पाउडर+नीबू का रस+टमाटर का रस+खीरे का रस बराबर मात्रा में लेकर पेस्ट बनाएं। चेहरे पर लगाकर सूखने दें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।



## बोल्ड एंड ब्यूटीफुल स्कर्ट

इन दिनों फैशन में टॉप पर है पिण्डली (काव्स) तक टेपर करती हुई सेमी फिट स्ट्रेट कट मिडी। जहां इसका सेमी फिट स्टाइल बनाता है इसे स्मार्ट व एलीगेंट वहीं ये आरामदायक भी है। सेमी फिट यानी हल्की लूज फिटिंग की होने के कारण इसे पहनने पर मूवमेंट में आसानी रहती है। वहीं इसे पहनने पर आप न सिर्फ स्लिम लगती हैं, बल्कि आपकी लंबाई भी अधिक प्रतीत होती है। इस मिडी में स्टाइल के विकल्पों की कोई कमी नहीं है। पूरी मिडी में हो सीकुईन का काम तो वेस्टर्न वेयर में इससे बढ़कर पार्टी वेयर ड्रेस कुछ नहीं। वहींप्रिंटेड व प्लेन कलर्स में भी मौजूद हैं ढेरों वैराइटी। इसके साथ ही डेनिम व स्ट्रैच कपड़े में यह स्टूडेंट्स में भी पॉपुलर हो रही है। अच्छी बात यह कि इसके साथ टॉप और एक्सेसरीज के परफेक्ट मिक्स एंड मैच के जरिए आप फॉर्मल और कैजुअल दोनों लुक हासिल कर सकती हैं। अगर चाहिए कैजुअल लुक तो सेमी फिट स्ट्रेट कट मिडी के साथ मैच करें हल्की लूज फिटिंग के ब्लाउज। वहीं हासिल करना है ऑफिस लुक तो इसके संग शर्ट पहन सकती हैं। इसी प्रकार एक्सेसरीज की बात करें तो कैजुअल लुक को कांप्लीमेंट करेंगे फ्लैट जूते, चंकी ब्रेसलेट और ब्रॉडेड रिस्ट वॉच जबकि फॉर्मल लुक को कंप्लीट करेगी हाई हील फुटवेयर, खूबसूरत कफ या एलीगेंट रिस्ट वॉच। स्ट्रेट कट सेमी फिट स्टाइलिश मिडी की इन्हीं खासियतों की वजह से यह वेस्टर्न वेयर इन दिनों कंगना रनौत, दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा सहित अनेक बॉलीवुड अभिनेत्रियों की पहली पसंद बन गई है।

